सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 33 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 5:32 | सूर्यास्त: 17:14 |

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** रिश्तों की जड़ें तूफानों से नहीं, अंदर बोये गये जहर से सड़ जाती हैं।



असम की कुल आबादी में हिंदुओं की संख्या अब लगभग 40 प्रतिशत रह गई: हिमंत शर्मा पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## दुर्गापुर में सामूहिक दुष्कर्म कांड पर ममता की नसीहत

# लड़कियों को देर रात बाहर नहीं निकलना चाहिए



- **ममता ने घटना को स्तब्ध करने वाली बताया, कहा... 'किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा'**
- **कहा... 'छात्रा जिस संस्थान में पढ़ती हैं, वह भी इस घटना के लिए जिम्मेदार'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गापुर में निजी मेडिकल कॉलेज के बाहर ओडिशा की द्वितीय वर्ष की मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को रविवार को स्तब्ध करने वाली करार देते हुए कहा कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। बंगाल ऐसे अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस रखता है। साथ ही, ममता ने नसीहत दी कि खासतौर पर पढ़ाई के लिए दूसरे राज्य से आकर छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को छात्रावास के नियमों का पालन करना चाहिए और देर रात बेवजह बाहर नहीं निकलना चाहिए। हालांकि, उन्होंने कहा कि किसी के रात में घूमने-फिरने पर कोई प्रतिबंध नहीं है, यह केवल मेरी अपील है कि उन्हें देर रात बाहर निकलने से बचना चाहिए। बाढ़ प्रभावित उत्तर बंगाल के दौरे पर रवाना होने से पहले कोलकाता हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में ममता ने सवाल किया कि रात 12.30 बजे छात्रा कालेज परिसर के बाहर कैसे निकली? उन्हें रात में, खासकर जंगल वाले इलाके में बाहर जाने की इजाजत किसने दी? मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जिस निजी मेडिकल कॉलेज में छात्रा पढ़ रही थी, उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उस संस्थान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस हर व्यक्ति की आवाजाही पर नजर नहीं रख सकती। अधिकारियों को नहीं पता होता कि रात में कौन घर से निकल रहा है और वे हर घर के बाहर पहरा नहीं दे सकते। ममता ने कहा कि यह घटना स्तब्ध करने वाली है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। ओडिशा, उत्तर प्रदेश, बिहार और मणिपुर में इसी तरह के मामलों का हवाला देते हुए ममता ने जोर दिया कि हमारा ऐसे अपराधों को कतई बर्दाश्त नहीं करने का रूख है। मैंने पुलिस से सख्त कार्रवाई करने को कहा है। पुलिस अपना काम कर रही है। तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस अन्य की तलाश कर रही है। दोषियों को सख्त सजा देंगे। ममता ने कहा कि छात्रा जिस संस्थान में पढ़ती है, वह भी इस घटना के लिए जिम्मेदार है। निजी कॉलेजों का भी एक दायित्व है कि छात्रों का ध्यान रखें। घटना निंदनीय है लेकिन जो लोग छात्रावास में रहते हैं, उनका एक नियम होता है। निजी कॉलेजों को अपने परिसरों के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

**'दूसरे राज्यों में दुष्कर्म पीड़िता को जलाने की कोशिश की जाती है'**

ममता ने आगे कहा कि दूसरे राज्यों में दुष्कर्म पीड़िता को कोर्ट ले जाने से पहले जलाने की कोशिश की जाती है, बंगाल में ऐसा नहीं होता है। ममता ने सवाल किया कि ओडिशा में पिछले दिनों जो एक दुष्कर्म की घटना घटी थी उसपर वहां की सरकार ने क्या कदम उठाया? ममता ने कहा कि मैं ऐसी घटना को कभी सपोर्ट नहीं करती, पुलिस अपना काम कर रही है।

### दुर्गापुर दुष्कर्म मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, दस दिन की पुलिस हिरासत

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर में मेडिकल की छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपितों की पहचान शेख रियाजउद्दीन उर्फ मंटू, अप्पू बाउरी और फिरदौस शेख हैं, के रूप में हुई है जो बिजड़ा गांव के निवासी है। इन सभी पर सामूहिक दुष्कर्म के तहत मामला दर्ज किया गया है। जबकि हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान का खुलासा पुलिस ने नहीं किया है। रविवार को ही गिरफ्तार लोगों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने तीनों को दस दिनों की पुलिस रिमांड में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने आरोपियों के पास से पीड़िता का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। जांच अधिकारियों का दावा है कि तीनों के खिलाफ प्रत्यक्ष सबूत मिले हैं। इसी मोबाइल के लोकेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। सूत्रों के मुताबिक शनिवार रात भर आरोपियों की तलाश की गई और रविवार को भी ड्रोन की मदद से फरार आरोपियों की तलाश की।

### सामूहिक बलात्कार की घटना पर टिप्पणी को लेकर भाजपा ने ममता बनर्जी को 'नारीत्व पर धब्बा' बताया

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मेडिकल छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना के बाद छात्राओं को रात में बाहर न निकलने की सलाह देने को लेकर निशाना साधा और उन्हें ''नारीत्व पर धब्बा'' बताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख पर ''पीड़िता को शर्मिंदा करने और दोषारोपण करने'' का आरोप लगाया और कहा कि जो मुख्यमंत्री महिलाओं के सबसे बुरे समय में उनके साथ खड़ी नहीं हो सकती, उसे राज्य पर शासन करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

### बीएसएफ की वायु शाखा को मिली पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर



**नयी दिल्ली :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की वायु शाखा को अपने 50 साल से अधिक के इतिहास में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर मिली है। बीएसएफ की वायु शाखा में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर की नियुक्ति आंतरिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद हुई है। इंस्पेक्टर भावना चौधरी और चार पुरुष अधीनस्थ अधिकारियों को हाल में बीएसएफ महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने फ्लाइंग बैज प्रदान किए। सीमा सुरक्षा बल को 1969 से गृह मंत्रालय (एमएचए) की विमानन इकाई का संचालन करने का दायित्व सौंपा गया है और यह सभी अर्द्धसैनिक बलों और एनएसजी व एनडीआरएफ जैसे विशेष बलों की अभियानगत आवश्यकताओं को पूरा करता है। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पांच अधीनस्थ अधिकारियों को ''बीएसएफ वायु शाखा के प्रशिक्षकों द्वारा शुरू से ही प्रशिक्षित किया गया था और उन्होंने हाल में अपना दो महीने का प्रशिक्षण पूरा किया है।''

## बिहार चुनाव : भाजपा-जदयू को बराबर हिस्सेदारी, चिराग पासवान को 29 सीटें

### मांझी और उपेंद्र को 6-6 सीट

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने रविवार को सीट का बंटवारा अंतिम रूप से तय कर लिया, जिसके तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 101-101 सीट पर चुनाव लड़ेगी। शेष सीट छोटे सहयोगी दलों के हिस्से में गई हैं। इस संबंध में औपचारिक घोषणा जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने 'एक्स' के जरिए की। पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीट मिली हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) कम से कम 15 सीट की मांग कर रही थी और उसे छह सीट दी गई हैं। राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को भी छह सीट मिली हैं। यह पहला मौका है जब 2005 में राजद शासन के 15 वर्ष समाप्त कर सत्ता में आई जदयू और भाजपा के बराबर सीट पर चुनाव लड़ेगी। यह माना जा रहा है कि गठबंधन के भीतर भाजपा का राजनीतिक प्रभाव बढ़ा है और क्षेत्रीय सहयोगी जदयू का वर्चस्व कुछ कम हुआ है।

## ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था, इंदिरा गांधी ने इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाई : चिदंबरम



**शिमला :** कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने कहा है कि 1984 में स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए चलाया गया 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' सही तरीका नहीं था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक पुस्तक के विमोचन के दौरान कहा, सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' गलत तरीका था और मैं इस बात से सहमत हूं कि श्रीमती गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। यह सेना, खुफिया विभाग, पुलिस और नागरिक सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त निर्णय था तथा आप पूरी तरह से श्रीमती गांधी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। चिदंबरम ने खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार और लेखिका हरिंदर बावेजा के साथ उनकी पुस्तक 'दे विल शूट यू मैडम: माई लाइफ थ्रू कॉन्फ्लिक्ट' पर बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। इस बीच, सूत्रों ने नयी दिल्ली में कहा कि कांग्रेस नेतृत्व चिदंबरम द्वारा दिये गए बयान से बेहद नाराज है और उसका मानना है कि वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के लिए शर्मिंदगी पैदा कर सकने वाले सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' दमदमी टकसाल के नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले और आतंकवादियों को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से खदेड़ने के लिए 1 से 10 जून 1984 के बीच चलाया गया सैन्य अभियान था। बाद में उसी वर्ष, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई।

### ट्रंप की 100 प्रतिशत शुल्क की धमकी के बावजूद पीछे नहीं हटेगा चीन

**बीजिंग :** चीन ने रविवार को संकेत दिया कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 100 प्रतिशत शुल्क की धमकी के बावजूद पीछे नहीं हटेगा। उसने अमेरिका से आग्रह किया कि वह धमकियों के बजाय बातचीत के जरिये मतभेदों को सुलझाए। वाणिज्य मंत्रालय ने ऑनलाइन जारी एक बयान में कहा, ''चीन का रुख स्पष्ट है। हम शुल्क युद्ध नहीं चाहते, लेकिन हम इससे डरते भी नहीं हैं।'' यह प्रतिक्रिया ट्रंप द्वारा एक नवंबर तक चीन से आयात पर कर बढ़ाने की धमकी के दो दिन बाद आई है। यह धमकी कई उपभोक्ता और सैन्य उत्पादों के लिए एक प्रमुख घटक, दुर्लभ मृदा खनिजों के निर्यात पर चीन द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों के जवाब में दी गई थी। इस घटनाक्रम से ट्रंप और चीन के नेता शी चिनफिंग के बीच संभावित बैठक पटरी से उतरने और शुल्क युद्ध को लेकर बनी सहमति को लेकर संकट पैदा हो गया है। अप्रैल में दोनों पक्षों की ओर से नए शुल्क कुछ समय के लिए 100 प्रतिशत से ऊपर चले गए थे।

## अफगानिस्तान बाहरी आक्रमण सहन नहीं करेगा: मुत्तकी



**नयी दिल्ली :** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष का अफगानिस्तान शांतिपूर्ण समाधान चाहता है, लेकिन यदि प्रयास सफल नहीं होते हैं तो उसके पास अन्य विकल्प भी हैं। उन्होंने कहा कि उनका देश किसी भी ''बाहरी आक्रमण'' का सामना करने के लिए पूरी तरह एकजुट है। बृहस्पतिवार को काबुल में पाकिस्तानी हवाई हमले के बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से संघर्ष शुरू हो गया है। भारत की छह दिवसीय यात्रा पर आये मुत्तकी ने कहा कि कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में है और उनका देश अपनी संप्रभुता का किसी भी तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं करेगा। पाकिस्तानी कार्रवाई के जवाब में अफगान बलों ने शनिवार रात दोनों पड़ोसी देशों के बीच सीमा पर कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर हमला किया, जिससे व्यापक संघर्ष की आशंका पैदा हो गई। तालिबान के एक प्रवक्ता ने काबुल में कहा कि अफगान बलों ने कई पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया है और संघर्ष में 58 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। मुत्तकी ने नयी दिल्ली से पाकिस्तान को दिये स्पष्ट संदेश में कहा, ''अफगानिस्तान इस्लामी अमीरात की नीति सभी समस्याओं को बातचीत के माध्यम से हल करने की है। हम कोई तनाव नहीं चाहते हैं और यदि वे ऐसा नहीं चाहते हैं, तो अफगानिस्तान के पास अन्य विकल्प हैं।''

### रातभर सीमा पर चलाए गए अभियान में 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया

**पेशावर :** अफगानिस्तान ने रविवार को कहा कि उसने रात भर सीमा पर चलाए गए अभियान में 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। अफगानिस्तान का कहना है कि उसने यह कार्रवाई अपने क्षेत्र और हवाई क्षेत्र में बार-बार हो रहे उल्लंघन के जवाब में की। इस हफ्ते की शुरुआत में अफगान अधिकारियों ने पाकिस्तान पर राजधानी काबुल और देश के पूर्वी हिस्से में एक बाजार को निशाना बनाकर बमबारी करने का आरोप लगाया था।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एनएसई पर हुए 40 करोड़ साइबर हमले

**रोजाना 17 करोड़ हमलों से जूझता है देश का सबसे बड़ा एक्सचेंज**

मुंबई : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को प्रतिदिन लगभग 17 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने को एक्सचेंज को चौबीसों घंटे काम करने के लिए 'साइबर योद्धाओं' की एक समर्पित टीम की आवश्यकता होती है। एनएसई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एक दिन में सबसे अधिक 40 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था। इसे डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया था। हालांकि, साइबर हमलावर कर्मियों, मशीनों और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वित प्रयासों के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाए। एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''एक्सचेंज पर हर दिन लाखों साइबर हमले होते हैं। लेकिन हमारी तकनीकी टीमें, उनकी प्रणाली और तकनीक विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके चौबीसों घंटे इन हमलों का मुकाबला करती हैं।'' उन्होंने कहा कि साइबर हमलों की संख्या प्रतिदिन 15 करोड़ से 17 करोड़ के बीच है, जिससे टीमों और प्रणालियों के लिए यह कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है। दोनों साइबर सुरक्षा केंद्रों की तकनीकी टीमें लगातार सक्रिय रहती हैं और वित्तीय बाजार के बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर होने वाले हमलों को बेअसर करने और उन्हें रोकने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस हैं। अधिकारी ने कहा, ''तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों, मशीनों और तकनीक से युक्त मजबूत साइबर सुरक्षा संरचना, एनएसई के संचालन को सुरक्षित बनाती है।'' एनएसई ने अपने संचालन के लिए मजबूत आंतरिक साइबर सुरक्षा उपाय लागू किए हैं और एनएसई अकादमी के माध्यम से एक साइबर सुरक्षा बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेडिंग सदस्यों को नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और साइबर-जुझारू क्षमता ऑडिट करवाना पड़ता है, जिसके परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं। सुरक्षा व्यवस्था में ई-मेल, बाहरी डेटा, पेन ड्राइव और डिस्ट्रिब्यूटिड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकॉल शामिल हैं।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL


हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho



# गाजा में स्थायी संघर्ष विराम सुनिश्चित हो

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारी दबाव व मध्यपूर्व के देशों की पहल के बाद गाजा में इस्राइल व हमास के बीच संघर्ष विराम की तसवीर उभरी है। यह कहना कठिन है कि यह समझौता कितने दिन टिकेगा क्योंकि समझौते के बाद भी इस्राइल ने गाजा के कुछ इलाकों में बमबारी की है। कहना मुश्किल है कि ट्रंप वास्तव में गाजा के लोगों को न्याय दिलाने चाहते हैं, या उनके समझौते के प्रयासों का लक्ष्य नोबेल शांति पुरस्कार पाना था। दरअसल, शांति के नोबेल पुरस्कार की घोषणा और युद्धविराम की घोषणा की तिथियां आसपास ही थीं। नोबेल शांति पुरस्कार के लिये ट्रंप जैसा उतावलापन दिखा रहे थे, उससे दुनिया की नंबर एक महाशक्ति के नायक की जगहंसाई ही हुई है। बहरहाल, गाजा में शांति स्थापना के प्रयासों का सिरे चढ़ना स्वागतयोग्य ही कहा जाएगा। हालांकि, इस समझौते के लिये ट्रंप द्वारा इस्राइल व हमास पर भारी दबाव डाला गया। दबाव में किया गया यह समझौता कितने दिन टिकेगा, कहना मुश्किल है। समझौते के बाद भी इस्राइल की बमबारी इस समझौते की दुखती रग है। वहीं हमास बीस सूत्री समझौते पर कितने दिन कायम रहता है, ये आने वाला वक्त ही बताएगा। समझौते की शर्तों में हमास का निशस्त्रीकरण करना और गाजा में उसकी प्रशासनिक दखल बंद करना भी शामिल है। कहना कठिन है कि अरब देशों के दबाव में बातचीत की टेबल पर आया हमास इन शर्तों पर कब तक कायम रह पाता है। वह समझौते की टेबल पर तब आया जब ट्रंप ने समझौता न करने पर नेस्तनाबूद करने की धमकी दे दी थी। उल्लेखनीय है कि इस्राइल और हमास के बीच दो साल से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका ने यह शांति योजना पेश की थी। जिसे मिस्र में आयोजित बातचीत में हितधारकों ने अंतिम रूप दिया। जिससे इस अशांत क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में शांति की उम्मीद हकीकत बनी। दरअसल, इस संघर्ष से न केवल गाजा बल्कि लेबनान, यमन और ईरान तक को अपनी चपेट में ले लिया था।

दरअसल, यह संघर्ष दो साल पहले तब शुरू हुआ जब 7 अक्तूबर को हमास के आतंकवादियों ने इस्राइल में घुसकर कोहराम मचाया। उस हमले में बारह सौ इस्राइली व कुछ विदेशी मारे गए थे और ढाई सौ लोगों को बंधक बनाकर हमास के हमलावर गाजा ले गए थे। उसके जवाब में इस्राइल द्वारा किए गए ताबड़-तोड़ हमलों में करीब 65 हजार से अधिक फलस्तनियों के मारे जाने का दावा किया जाता है। आज गाजा भूतहा खंडहरों के शहर में तब्दील हो चुका है। लाखों लोगों को बार-बार पलायन के लिये मजबूर होना पड़ा है। विडंबना यह है कि भले ही इस्राइल ने हमास के क्रूर हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई की हो, मगर इन हमलों का शिकार आम फलस्तीनी नागरिकों को होना पड़ा है। मरने वालों में बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है। यहां अस्पताल से लेकर तमाम सार्वजनिक सेवाएं ध्वस्त हो चुकी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने पुष्टि की थी कि गाजा में लोग भुखमरी के शिकार हैं क्योंकि इस्राइल ने राहत सामग्री के पहुंचने के सारे रास्ते बंद कर दिए थे। इस्राइल और अमेरिका की देखरेख में शुरू किए गए कथित राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में इस्राइली हमलों में हजारों फलस्तीनी मारे गए थे। कालांतर, यह लड़ाई इस्राइल व लेबनान के बीच संघर्ष में तब्दील हुई। हूती विद्रोहियों के साथ संघर्ष के बाद लड़ाई ईरान तक पहुंची। हूतियों के हमलों से समुद्री मार्ग से होने वाला वैश्विक व्यापार तक बुरी तरह प्रभावित हुआ। बहरहाल, अब जब इस्राइल व हमास संघर्ष विराम पर राजी हो गए हैं तो अब प्रयास हो कि यह शांति स्थायी हो सके। हालांकि, मौजूदा हालात में यह कहना कठिन है कि बेहद आक्रामक तेवर दिखा रहा इस्राइल भविष्य में चुप बैठेगा। हमास बीस इस्राइली बंधकों तथा मारे गए लोगों के शव लौटाने को राजी हुआ है। जिसके बदले में इस्राइल द्वारा हमास के कुछ लड़ाकों समेत हजारों फलस्तीन कैदियों को रिहा किया जाना है। कहने को तो गाजा से इस्राइली सैनिकों की वापसी की शर्त भी है, लेकिन अमेरिकी सरपरस्ती में निरंकुश व्यवहार कर रहे इस्राइल से इस मुद्दे पर आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 अक्टूबर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष सप्तमी, 12:29 तक, नक्षत्र : आद्रा, 12:28 तक, योग : परिघा, 08:05 तक, सूर्योदय: 5:32, सूर्यास्त: 17:14, चन्द्रोदय : 22:49, चन्द्रास्त: 12:00, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 07:02 से 08:29

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के तृतीय पराक्रम भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। इसके प्रभाव से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शाम 5 बजे तक कोई खास व्यापारिक डील फाइनल हो सकती है।

**वृष :** वृष राशि के जातकों का आज का दिन नई योजनाओं और कार्य-प्रणालियों पर केंद्रित रहेगा। देवस्थान की यात्रा से मानसिक शांति प्राप्त होगी। पराक्रम बढ़ेगा और कार्यक्षमता में सुधार होगा।

**मिथुन :** आज का दिन मिथुन राशि के लोगों के लिए अत्यंत रचनात्मक रहने वाला है। कला, डिजाइन या लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन लाभदायक रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन कर्क राशि के लोगों के लिए फलदायी रहने वाला है। आज के दिन मन लगाकर किए हुए कार्य के परिणाम तुरंत दिखाई देंगे। इस दौरान अधूरे काम पूरे होते हुए दिख रहे हैं।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों का आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला दिख रहा है। धर्म, अध्यात्म के लिए थोड़ा समय निकालना आपके लिए बेहतर होगा।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के आज के दिन थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। आस-पास के लोगों से अनावश्यक विवाद हो सकता है। परिवार में किसी शुभ कार्य या समारोह की चर्चा हो सकती है।

**तुला :** आज का दिन तुला राशि वालों के लिए लाभदायक रहेगा। सभी पुराने विवादों के आज सुलझने के आसार दिख रहे हैं। व्यवसाय में नये प्रोजेक्ट की शुरुआत के संकेत मिल रहे हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक रूप से मजबूत रहेगा। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। व्यापार और नौकरी दोनों में नई ऊर्जा का संचार होगा।

**धनु :** आज का दिन धनु राशि वालों को कुछ जोखिम उठाना पड़ सकता है। व्यापारिक मामलों में यदि सोच-समझकर थोड़ा जोखिम लिया जाए तो बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर :** मकर राशि के जातकों का आज का दिन सामान्य रहने वाला है। साझेदारी में किया गया व्यापार अच्छा लाभ देगा। घरेलू कार्यों को निपटाने के लिए आज उत्तम दिन है।

**कुम्भ :** आज कुंभ राशि वालों को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा। मौसम परिवर्तन के कारण जुकाम जैसी समस्या से परेशान हो सकते हैं। ऐसे में खानपान में लापरवाही न बरतें।

**मीन :** मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक सिद्ध होने वाला है। व्यापार में लिया गया जोखिम आज फायदेमंद साबित होगा। नये अवसर सामने आएंगे।

# तालिबान अब पाकिस्तान के खिलाफ भारत के साथ



संजय सक्सेना

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के रिश्ते आज जिस दौर से गुजर रहे हैं, वह इतिहास का बड़ा सबक है। कभी तालिबान को आंख मूंदकर समर्थन देने वाला पाकिस्तान आज उसी तालिबान के खिलाफ मोर्चा खोल चुका है। यह वही पाकिस्तान है जो कभी तालिबान को भारत के खिलाफ भड़काने, आतंक के नये ठिकाने तैयार कराने और पूरे दक्षिण एशिया को अस्थिर करने का अपराध कर चुका है। परंतु समय का चक्र ऐसा घूमा कि अब वही तालिबान पाकिस्तान के गले की हड्डी बन गया है। यह हालात इस बात का प्रमाण हैं कि जो देश आतंक को पालते हैं, एक दिन वही आतंक उन्हें डसने लौट आता है। जब अफगानिस्तान में अमेरिकी सेनाओं की वापसी हुई और अशरफ गनी की निर्वाचित सरकार को तालिबान ने उखाड़ फेंका, उस वक्त पूरी दुनिया स्तब्ध रह गई थी। राजधानी काबुल में तालिबान की बंदूकें आज़ाद हुए लोगों की आज़ादी छीन रही थीं। उस दौर में कोई देश तालिबान सरकार को वैध नहीं मान रहा था, लेकिन पाकिस्तान सबसे आगे बढ़कर उसकी पैरवी करने लगा। इस्लामाबाद ने तालिबान को न केवल समर्थन दिया बल्कि उसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक वैकल्पिक सत्ता के रूप में स्वीकार कराने की कोशिशें भी कीं। पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई ने तालिबान की मदद के लिये अपने सीमावर्ती इलाकों को खुला छोड़ दिया, ताकि आतंक के नाम पर अफगानिस्तान की पूरी दिशा पाकिस्तान के हित में झुकी रहे।

परंतु यह गठबंधन शुरू से ही झूठ और लालच पर टिका था। पाकिस्तान चाहता था कि तालिबान सिर्फ उसके इशारों पर चले, भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो और कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाए। लेकिन तालिबान की अपनी सत्ता की जड़ें जमने लगीं तो उसकी प्राथमिकताएं बदल गईं। तालिबान को समझ में आने लगा कि पाकिस्तान उसका इस्तेमाल कर रहा है और उसे वैश्विक पहचान दिलाने के बजाय आतंक का प्रतीक बनाकर रख देना चाहता है। तालिबान ने जब भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाना शुरू किया, तभी पाकिस्तान के धैर्य का बांध टूट गया। हाल के दिनों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर जिस तरह के हमले हुए हैं, वे यही कहानी कह रहे हैं कि अब दोनों देशों के बीच विश्वास खत्म हो चुका है। पाकिस्तान ने तालिबान शासित अफगानिस्तान पर उन ही हथकंडों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है जो वह वर्षों से भारत के खिलाफ करता रहा है। सीमा पर हवाई हमले, ड्रोन घुसपैठ और रॉकेट हमले पाकिस्तानी सोच की उसी बीमार मानसिकता का हिस्सा हैं जो हमेशा अपने पड़ोसी देशों की स्थिरता को चुनौती देती रही है। इस बार अंतर केवल इतना है कि पाकिस्तान की यह बर्बरता अब भारत पर नहीं बल्कि अफगानिस्तान पर गिर रही है।

पाकिस्तान का यह कदम तब आया जब अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान भारत की यात्रा पर आने वाले थे। यह यात्रा तालिबान शासन के लिए ऐतिहासिक मानी जा रही थी क्योंकि भारत और अफगानिस्तान के बीच नए भरोसे की शुरुआत होने जा रही थी। भारत हमेशा से अफगानिस्तान के विकास और स्थायित्व के पक्ष में रहा है। भारत ने कभी आतंक की राजनीति नहीं की, बल्कि अफगान जनता के जीवन स्तर को सुधारने के लिए सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों और मानव संसाधन के विकास पर काम किया। यही वजह है कि तालिबान के कई वर्गों में भारत के प्रति सहानुभूति पैदा हुई है। भारत ने अफगानिस्तान में कोई सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया बल्कि हमेशा स्थायी शांति की वकालत की। पाकिस्तान को यही बात खटक रही है। उसे डर है कि अगर भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते सुधरते हैं तो उसका प्रभाव क्षेत्र समाप्त हो जाएगा। पाकिस्तान अपने धर्म आधारित राजनीतिक खेल में इतना डूबा है कि उसे यह समझ नहीं आता कि पड़ोसियों से दुश्मनी रखकर वह खुद अपने देश को विनाश की ओर धकेल रहा है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पहले से ही चरमराई हुई है। वहां का समाज चरमपंथी विचारधारा में फंस चुका है और जनता लगातार महंगाई, बेरोजगारी और असुरक्षा से जूझ रही है। ऐसे में अफगानिस्तान से टकराव का नया मोर्चा खोलकर पाकिस्तान ने अपनी बर्बादी को और तेज कर दिया है।

उधर, तालिबान भी अब पाकिस्तान के दोहरे खेल को समझ चुका है। जिस पाकिस्तान ने कभी तालिबान को आश्रय दिया, अब वही उसकी सरकार गिराने की साजिशें रच रहा है। तालिबान नेताओं के खिलाफ पाकिस्तानी प्रचार, सीमा के पास उनके ठिकानों पर बमबारी, और उनके अधिकारियों को निशाना बनाने जैसी हरकतें यह साबित करती हैं कि पाकिस्तान को शांति नहीं, सत्ता और नियंत्रण चाहिए। लेकिन अब तालिबान किसी और के इशारे पर नहीं चलना चाहता। इस मौजूदा हालात में तालिबान ने पहली बार भारत के साथ संवाद कायम करने की इच्छा जताई है, जो पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा झटका है। भारत इस पूरे परिदृश्य में संतुलित नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत जानता है कि स्थायी शांति तभी संभव है जब अफगानिस्तान की धरती आतंक का केंद्र न बने। भारत का रुख साफ है कि वह किसी भी सरकार को तब तक मान्यता नहीं देगा जब तक वह लोकतंत्र, मानवाधिकार और महिलाओं की स्वतंत्रता के प्रति सम्मानजनक रुख न अपनाए। परंतु कूटनीतिक स्तर पर भारत यह भी समझता है कि बातचीत से ही समाधान का रास्ता निकलेगा। इसी सोच के तहत भारत ने तालिबान शासन से न्यूनतम स्तर पर संवाद बनाए रखा है और मानवीय सहायता जारी रखी है।

दूसरी ओर पाकिस्तान लगातार बेनकाब हो रहा है। अपने ही बनाए तालिबान के खिलाफ जंग छेड़कर उसने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि आतंक को राजनीतिक साधन बनाना एक दिन आत्मघाती साबित होता है। पाकिस्तान की नीतियां अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सवालों के घेरे में हैं। अमेरिका, रूस और चीन तक इस बात को समझने लगे हैं कि दक्षिण एशिया की स्थिरता तभी संभव है जब पाकिस्तान को उसके आतंकी समर्थन की कीमत चुकानी पड़े। भारत इस पूरे मामले पर सतर्क है और उसके कूटनीतिज्ञ अच्छी तरह जानते हैं कि पाकिस्तान की तरफ से अस्थिरता फैलाने के प्रयास जारी रहेंगे। लेकिन भारत की ताकत उसकी नीति, नैतिकता और जनता के विश्वास पर टिकी है, न कि किसी आतंक के बल पर। आज तालिबान और पाकिस्तान का यह झगड़ा भारत के उस रुख को सही साबित कर रहा है जो वर्षों से कहता आया है कि आतंक से कोई दोस्ती नहीं, यह केवल विनाश लाता है। अफगानिस्तान में शांति और विकास का मार्ग तभी प्रशस्त होगा जब वह पाकिस्तान के इस झूठे सहारे से पूरी तरह स्वतंत्र हो जाए। भारत की कोशिश यही रहनी चाहिए कि वह अफगान जनता के साथ विकास, शिक्षा और मानवीय सहयोग के माध्यम से स्थायी संबंध बनाए, ताकि आतंक की राजनीति धीरे-धीरे खत्म हो और दक्षिण एशिया में स्थिरता की नई सुबह उग सके।

-वरिष्ठ पत्रकार

# चक्रव्यूह ज्यों उलझता जा रहा सुसाइड प्रकरण



सुशील कुमार 'नवीन'

मैनेजमेंट का एक सीधा और सपाट फार्मूला है कि यदि छोटे नुकसान को भुगतने से बड़ा नुकसान टलता हो तो वह जोखिम उठा लेना चाहिए। समय की महता को ध्यान में रखकर लिया गया इस प्रकार का रणनीतिक निर्णय कई बार भविष्य के बड़े नुकसान से बचा जाता है। आप भी सोच रहे होंगे कि व्यंग्य की कक्षा के विद्यार्थी के श्रीमुख से आज नफा-नुकसान की चर्चा कैसे?

अब एक नजर हरियाणा में चल रहे एक मामले पर डालते हैं। हरियाणा के एक वरिष्ठ आईपीएस वाई पूरन कुमार ने मंगलवार को कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली। चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित कोठी के साउंडप्रूफ कमरे में इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस को मौके से 8 पेज का सुसाइड नोट और 1 पेज की वसीयत मिली है। सुसाइड नोट में कुछ वरिष्ठ आईपीएस, आईएएस अधिकारियों व रिटायर्ड अधिकारियों के नाम हैं। इन पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए गए हैं। पूरन कुमार का 29 सितंबर को रोहतक स्थित सुनारिया पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में आईजी पद पर तबादला हुआ था। इससे पहले वे रोहतक रेंज के आईजी थे। पूरन कुमार ने 2 अक्टूबर को 2 दिन की छुट्टी ली थी। बुधवार को उन्हें ड्यूटी पर जाना था। इससे पहले उन्होंने आत्महत्या कर ली।

सामान्य व्यक्ति द्वारा की गई ये आत्महत्या होती तो मामला कुछ घंटों या एक-दो दिन में निपट जाता, पर इस आत्महत्या ने तो केंद्र तक को हिलाकर रखा हुआ है। यहां तक प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी भी दो धड़ों में बंट नई परेशानी खड़ी किए हुए है। बड़े-बड़े अधिकारी मामले में अग्रणी हैं। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मृत एडीजीपी का परिवार डीजीपी शत्रुजीत कपूर और एसपी नरेंद्र बिजारणियां की गिरफ्तारी न होने तक पोस्टमार्टम न करवाने पर अड़ा है। सरकार के बड़े अफसरान से लेकर मंत्री समूह लगातार वार्ता पर वार्ता किए जा रहा है। परिणाम अभी भी जीरो है। इसी बीच जातिगत संगठनों और विपक्ष ने अलग से मोर्चा खोल दिया है। अब इस चक्रव्यूह से निपटा कैसे जाए, इसी के लिए नायब सरकार के अधिकारी दिन-रात लगे हुए हैं। चंडीगढ़ पुलिस ने 8 पेज के सुसाइड नोट के आधार पर एफआईआर तो दर्ज कर ली है। पर इससे अभी एडीजीपी का परिवार संतुष्ट नहीं है। मृतक की पत्नी और वरिष्ठ आईएएस अमनीत पी.कुमार के अनुसार एफआईआर अधूरी है।

अब होना क्या चाहिए था। इस पर भी चर्चा होनी जरूरी है। मामला बड़ा तो शुरू से ही था। मृतक वरिष्ठ आईपीएस, आरोपी भी वरिष्ठ आईपीएस और आईएएस। कहना आसान है कि सरकार यदि इस मामले में शुरुआत में ही गंभीरता दिखाती तो मामला इतना आगे नहीं बढ़ पाता। सरकार द्वारा एक साथ इतने बड़े प्रशासनिक अमले पर कार्रवाई के आदेश में देरी मामले को और बढ़ा गई। अब मामला धीरे-धीरे जातीय और राजनीतिक रंग ले जाता जा रहा है। ऐसे में परिवार की प्रमुख मांग आरोपी अधिकारियों की गिरफ्तारी होनी जरूरी बन रही है। इससे पीड़ित परिवार को एक बार संबल प्राप्त होगा। जांच होती रहेगी। संवेदनशील मामलों पर प्रशासन और सरकार सबसे पहले यही काम तो करते हैं। अब नाम बड़े अधिकारियों के हैं तो बात थोड़ी गंभीर है। पर जितना ज्यादा समय बढ़ रहा है। परेशानी उतनी ही और ज्यादा बढ़ रही है। चाणक्य नीति में साफ कहा गया है कि-

नात्यन्तं सरलैर्भाव्यं गत्वा पश्य वनस्थलीम् ।
छिद्यन्ते सरलास्तत्र कुब्जास्तिष्ठन्ति पादपाः ।।

अर्थ है कि मनुष्य को अपने व्यवहार में बहुत ही भोलापन या सीधापन नहीं दिखाना चाहिए। ध्यान रहे वन में जो सीधे पेड़ पहले काटे जाते हैं, और जो पेड़ टेढ़े हैं वो खड़े रहते हैं। सरकार को चाहिए कि इस मामले में पुलिस प्रशासन को फ्री हैंड करें। जो तुरंत हो सकता है वो करें। शेष एसआईटी पर छोड़ दें। सारा मामला अपने आप सामने आ जायेगा।

रामधारी सिंह दिनकर की ये पंक्तियां मामले को और भी संबल देने का कार्य करेंगी-

*समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध*
*जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपराध।*

## विदेश की खबरें

### यूक्रेन की विद्युत ग्रिड पर रूस का हमला



**कीव :** रूस ने रविवार रात यूक्रेन की विद्युत ग्रिड पर हमला किया, जो सर्दियों से पहले यूक्रेनी ऊर्जा बुनियादी ढांचे को ठप करने के जारी अभियान का हिस्सा है। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब मॉस्को ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें प्रदान किए जाने की संभावना पर 'गहरी चिंता' जताई है। कीव के क्षेत्रीय गवर्नर मायकोला कलाश्निक ने कहा कि क्षेत्र में एक सबस्टेशन पर रूसी हमलों में यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के दो कर्मचारी घायल हो गए। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि डोनेट्स्क, ओडेसा और चेर्निहीव क्षेत्रों में भी ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमला किया गया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर लिखा, 'रूस हमारे शहरों और समुदायों के खिलाफ अपना हवाई आतंक जारी रखे हुए है, हमारे ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले तेज कर रहा है।' उन्होंने बताया कि रूस ने पिछले सप्ताह यूक्रेन के खिलाफ '3,100 से अधिक ड्रोन, 92 मिसाइलें और लगभग 1,360 ग्लाइड बम' दागे हैं। ज़ेलेंस्की ने रूसी तेल के खरीदारों पर और कड़े प्रतिबंध लगाने का भी आह्वान किया।

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'रूसी तेल के खरीदारों – जो इस युद्ध को वित्तपोषित करते हैं – के खिलाफ प्रतिबंध, शुल्क और संयुक्त कार्रवाई, सभी मुद्दों पर बातचीत जारी रहनी चाहिए।' यूक्रेन के राष्ट्रपति ने शनिवार को कहा कि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर 'बहुत सकारात्मक और सार्थक' बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने ट्रंप को यूक्रेन की ऊर्जा प्रणाली पर रूसी हमलों और यूक्रेन की वायु रक्षा को मज़बूत करने के अवसरों के बारे में बताया। इससे एक दिन पहले ज़ेलेंस्की ने कहा था कि वह अमेरिकी अधिकारियों के साथ टॉमहॉक और एटीएसीएमएस सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलों सहित लंबी दूरी के विभिन्न सटीक अस्त्रों की संभावित आपूर्ति के बारे में चर्चा कर रहे हैं।

### बांग्लादेश: हिरासत में लिए गए सैन्य अधिकारियों को तुरंत अदालत में पेश करने की मांग उठी

**ढाका :** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक ने रविवार को 15 सेवारत सैन्य अधिकारियों को तत्काल अदालत में पेश करने की मांग की जबकि सेना ने बताया कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल के दौरान मानवता के विरुद्ध कथित अपराधों के मुकदमे के लिए इन अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने संवाददाताओं से कहा, संविधान, अंतरराष्ट्रीय अपराध (न्यायाधिकरण) अधिनियम 1973 और दंड प्रक्रिया संहिता स्पष्ट हैं कि किसी को भी अदालत में पेश किए बिना 24 घंटे से ज्यादा हिरासत में नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर सेना ने इन 15 सैन्य अधिकारियों को हिरासत में लिया है, तो उन्हें कानून के अनुसार 24 घंटे के भीतर अदालत में पेश किया जाना चाहिए।

### सैनिकों को भुगतान सुनिश्चित करने के लिए पेंटागन 'सभी उपलब्ध धन' का उपयोग करे: ट्रंप



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उन्होंने रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह सरकारी वित्त पोषण रुकने के कारण हुए 'शटडाउन' के बावजूद अमेरिकी सैनिकों को बुधवार को वेतन देने के लिए "सभी उपलब्ध धनराशि" का उपयोग करे। ट्रंप ने कहा कि यह एक अल्पकालिक उपाय है जो उन लाखों संघीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें छुट्टी पर भेज दिया गया है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह इसलिए कदम उठा रहे हैं अन्यथा "हमारे बहादुर सैनिकों को निर्धारित 15 अक्टूबर को उनका वेतन नहीं मिल पाएगा। ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं को दोषी ठहराते हुए कहा कि वह कमांडर-इन-चीफ के रूप में अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को "15 अक्टूबर को सैनिकों को वेतन दिलाने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करने" का निर्देश दे रहे हैं। एक अक्टूबर को संघीय बजट चक्र की शुरुआत में सरकारी वित्त पोषण रुकने से 'शटडाउन' के कारण सरकारी कामकाज ठप होने के बाद अमेरिकी सैन्यकर्मियों को बुधवार को अपना अगला वेतन नहीं मिलने का खतरा था। अमेरिका में लगभग 13 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी हैं और 'कैपिटल हिल' (संसद भवन परिसर) के सांसदों की 'शटडाउन' के नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा के दौरान सैनिकों को वेतन नहीं मिलने की आशंका चर्चा का मुख्य विषय रही है।

## वर्ग पहेली नं. 3232

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | |
| | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 8 | 9 | | | ■ | 10 | | |
| ■ | 11 | | | ■ | 12 | 13 | | | ■ |
| 14 | | ■ | ■ | 15 | ■ | 16 | | ■ | 17 |
| 18 | | 19 | | | ■ | | ■ | 20 | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 21 | 22 | | ■ |
| | ■ | 23 | 24 | | 25 | ■ | | ■ | 26 |
| 27 | | ■ | | ■ | 28 | | | | |

*बायें से दायें:-* 1) सिरे का, 5) भभूत, 6) घटना; वृत्तांत, 8) निरंकुश शासक, 10) एक पालतू पशु, 11) मोटी ऊनी चादर, 12) घिसना, 14) अनुपस्थिति, 16) औषध, 18) रौंद डालना, 20) नौका घाट, 21) मूर्खता, 23) अचूक *(औषध)*, 27) सुंदर, 28) पर्यावरण.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बीच में, 2) चंद्रमा, 3) शरारत; चमत्कार, 4) बड़ा चाकू, 5) रास्ता भूलना, 7) विष, 9) पौधों का डंठल, 10) घोड़ी, 11) दिवालिया, 13) सुडौल होना, 14) श्रवणीय, 15) आसानी से, 17) आदत का ग़ुलाम; लती, 19) खँडहर टीला, 20) टाट का बना थैला, 22) दैत्य, 24) बढ़िया, 25) कण, 26) महत्त्वहीन.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भैं | स | ■ | मु | श्कि | ल | ■ | आँ | ■ | जा |
| ■ | फ़ | ■ | क़ | ■ | ब | द | च | ल | नी |
| स | र | ह | द | ■ | ■ | मा | ल | ती | ■ |
| बू | ■ | स | मा | न | ता | ■ | ■ | फ़ा | क्रा |
| त | ■ | र | ■ | ट | क | रा | ना | ■ | ति |
| ■ | पी | त | ल | ■ | झाँ | ■ | वा | ■ | ला |
| ची | ल | ■ | ■ | अं | क | ■ | जि | त | ना |
| ■ | वा | हि | या | त | ■ | त | ब | क़ा | ■ |
| ध्या | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | जा | री |

## सुडोकू-पहेली-3189

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 8 | | | 1 | 7 |
| | | | | | | 6 | | |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | 9 | | 7 | | | 4 | |
| | | | | | | | | |
| 6 | 2 | | | | | 9 | | |
| 3 | | 8 | | | | | | |
| 9 | | | 2 | | 6 | | 7 | |
| | 4 | | | | | 3 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सुडोकू पहेली - 3188 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 1 | 4 | 9 | 2 | 8 | 7 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 |
| 9 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 7 | 4 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 5 | 1 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 1 | 6 | 7 | 9 | 3 |

# ममता का उत्तर बंगाल दौरा शुरू, आपदा प्रभावित लोगों के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की

## 1.2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा राहत कार्यों में शामिल कर्मियों को पुरस्कार वितरित



**कोलकाता/जलपाईगुड़ी :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उत्तर बंगाल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का छह-दिवसीय दौरा शुरू किया और जिन लोगों के घर प्रभावित हुए हैं, उन्हें 1.2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा राहत कार्यों में शामिल कर्मियों को पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की। ममता ने आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के निकटतम परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि तथा प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को होमगार्ड की नौकरी देने की अपनी घोषणा भी दोहराई। यात्रा के लिए रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में ममता ने कहा कि वह पहले अलीपुरद्वार जिले के हासिमारा जाएंगी और वहां जारी राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लेने के लिए अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि वह रविवार की रात हासिमारा में रुकेंगी और सोमवार को नागराकाटा तथा आसपास के इलाकों का दौरा करेंगी, उसके बाद दार्जिलिंग की पहाड़ियों में स्थित मिरिक जाएंगी। ममता ने कहा कि इसके बाद, वह दार्जिलिंग शहर का दौरा करेंगी, जहां से वह कलिम्पोंग में राहत कार्यों का भी जायजा लेंगी। उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार को काली पूजा समारोह का उद्घाटन करने के लिए कोलकाता लौट आएंगी। मुख्यमंत्री ने राहत कार्यों की निगरानी कर रहे प्रशासनिक अधिकारियों के समर्पण की तारीफ की और त्वरित सहायता पहुंचाने एवं बुनियादी ढांचे की बहाली की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। ममता ने कहा कि रोहिणी भूस्खलन स्थल पर पांच से छह दिनों में काम पूरा होने की उम्मीद है, जबकि मिरिक में अस्थायी पुल सात से आठ दिनों में तैयार होने की संभावना है। उन्होंने 'आमादेर पारा आमादेर समाधान' (एपीएएस) कार्यक्रम पर भी प्रकाश डाला, जिसका मकसद आपदा प्रभावित निवासियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। एपीएएस के तहत प्रति बूथ 10 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं, जिस पर कुल व्यय 8,000 करोड़ रुपये होने की संभावना है। अब तक 31,700 लक्षित बूथ-वार शिविरों में से 28,300 में आवंटन पूरा हो चुका है, जिससे लक्षित पहुंच के लगभग 90 प्रतिशत को कवर किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 2.5 करोड़ लोगों को शामिल किया गया है।

## 'हम किसी की मदद के लिए नहीं बैठे हैं': ममता ने केंद्र पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उत्तर बंगाल में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति का मुआयना करने जाने से पहले केंद्र पर निशाना साधा हुए कहा कि राज्य सरकार केंद्र से मदद के लिए नहीं बैठी है। कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मदद के लिए नहीं बैठे हैं। पांच साल से केंद्र सरकार ने मनरेगा परियोजना के लिए धन देना बंद कर दिया है। हमें आवास योजना के लिए भी पैसा नहीं दिया जा रहा है। हमने ग्रामीण सड़कों के लिए भी पैसा रोक दिया है। हम बाढ़ नियंत्रण के लिए एक भी रुपया नहीं दे रहे हैं। केंद्र सरकार ने सर्व शिक्षा मिशन पर पैसा खर्च करना भी बंद कर दिया है। उसने पानी पर पैसा खर्च करना भी बंद कर दिया है। केंद्र सरकार उन नौ करोड़ लोगों को एक-चौथाई रुपया भी नहीं देती जिन्हें भोजन के साथ राशन दिया जाता है - हम सब कुछ अपने पैसे से करते हैं। प्रशासन राहत एवं पुनर्निर्माण कार्य कर रहा है। प्रत्येक जिले में जिला प्रशासन के नेतृत्व में राहत गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बेघरों के लिए अस्थायी आश्रय शिविर खोले गए हैं, राहत रसोई और चिकित्सा केंद्र शुरू किए गए हैं। क्षतिग्रस्त मकानों के आकलन में जियोटैगिंग पद्धति का उपयोग किया जा रहा है ताकि मकान निर्माण अनुदान का वितरण पारदर्शी तरीके से किया जा सके। लोक निर्माण विभाग और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) मिलकर संचार बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। कलिम्पोंग जिले के तोडे-तांगटा ग्राम पंचायत के निचले गोडोक क्षेत्र में भूस्खलन के बाद संपर्क से कटे लगभग 70 परिवारों को मुख्य संचार नेटवर्क के अंतर्गत वापस लाया गया है। तीस्ता बाजार को कलिम्पोंग-दार्जिलिंग से जोड़ने वाली एसएच-12 सड़क का पुनर्निर्माण तेजी से चल रहा है और कई स्थानों पर अस्थायी यातायात शुरू हो गया है।

# ममता के बयान पर विपक्षी दलों का पलटवार, भाजपा ने मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 'लड़कियों के रात में बाहर नहीं जाने वाले' बयान ने सियासी गलियारों में विवाद को जन्म दे दिया है। भाजपा ने ममता के इस बयान को असंवेदनशील और निंदनीय करार दिया है। केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि प्रशासन के सर्वोच्च पद पर रहते हुए, जबकि वह स्वयं गृह विभाग संभाल रही हैं और एक महिला होने के नाते उनकी यह टिप्पणी अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। राज्य में ध्वस्त हो चुकी कानून-व्यवस्था की स्थिति की जिम्मेदारी से मुख्यमंत्री बच नहीं सकतीं। हैरानी की बात यह है कि अब भी उन्होंने इसका दोष निजी मेडिकल कॉलेज पर मढ़ दिया है। जबकि, कुछ महीने पहले महीने पहले एक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक युवा महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या कर दी गई थी। मुख्यमंत्री होने के नाते ममता बनर्जी का यह बयान न केवल बंगाल की हर महिला का अपमान है बल्कि गंभीर चिंता का विषय भी है। एक महिला मुख्यमंत्री की इस तरह की टिप्पणी एक बार फिर उजागर करती है कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण से बाहर हो गई है। अब ममता बनर्जी का नैतिक कर्तव्य है कि वे बिना किसी देरी के पद छोड़ दें।

## बंगाल महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं, बल्कि अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह है : माकपा

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है और राज्य अब महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं रहा। माकपा केंद्रीय समिति के सदस्य सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि राज्य में महिलाएं नहीं, बल्कि अपराधी सुरक्षित हैं। सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि ममता बनर्जी ने छात्राओं को रात में बाहर न निकलने के लिए कहकर यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं है। पूर्व सांसद ने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर न निकलने के लिए कहकर मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह प्रचार सच नहीं है कि कोलकाता या दुर्गापुर सबसे सुरक्षित शहर हैं। माकपा नेता ने कहा कि निजी मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा कर्मी बाहर की नहीं बल्कि परिसर के अंदर की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि परिसर के बाहर सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य की कानून-व्यवस्था की है।

# नगरपालिका भर्ती घोटाला : ईडी ने 45 लाख रुपये की नकदी एवं दस्तावेज किए जब्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य में दक्षिण दमदम नगरपालिका में भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में की गई छापेमारी के दौरान 45 लाख रुपये अघोषित नकद राशि, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं। एजेंसी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बता दें कि एजेंसी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने घोटाले की जांच के सिलसिले में राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस के आवास और कंपनियों सहित कोलकाता और उसके आसपास 13 स्थानों पर शुक्रवार को छापे मारे थे। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा शनिवार की शाम जारी बयान में कहा गया कि छापेमारी के दौरान संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों समेत कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और 45 लाख रुपये की अघोषित नकद राशि जब्त की गई।

# 'अब इस राज्य पर भरोसा नहीं, बेटी को ओडिशा ले जाना चाहता हूं', दुर्गापुर दुष्कर्म पीड़िता के पिता ने कहा

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। पीड़िता के पिता ने राज्य सरकार पर भरोसा खोने की बात कहते हुए अपनी बेटी को जल्द से जल्द ओडिशा ले जाने की इच्छा जताई है। उन्होंने इस संबंध में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहनचरण माझी से भी मदद मांगी है। रविवार को पीड़िता के पिता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैंने ओडिशा के मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि मेरी बेटी को यहां से ओडिशा ले जाने की व्यवस्था की जाए। इस जगह पर अब भरोसा नहीं रहा। डर है कि मेरी बेटी की जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी अभी चल भी नहीं पा रही है, पूरी तरह से बेड रेस्ट पर है। मुख्यमंत्री, डीजी, एसपी और जिलाधिकारी लगातार संपर्क में हैं, लेकिन मैं मुख्यमंत्री से अनुरोध कर चुका हूं कि मेरी बेटी को यहां से ओडिशा ले जाने की अनुमति दी जाए। पीड़िता के पिता ने बताया कि ओडिशा के मुख्यमंत्री ने उनसे भी फोन पर बात की है और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। यहां सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर है और कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।

## सीएम माझी ने पीड़िता के पिता से बात की, सहयोग का दिया आश्वासन

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने दुर्गापुर में 'सामूहिक दुष्कर्म' का शिकार हुई मेडिकल छात्रा के पिता से फोन पर बात की और उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। माझी ने दुर्गापुर में मौजूद पीड़िता के पिता से शनिवार की रात बात की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की एक विज्ञप्ति में माझी के हवाले से कहा गया कि आपकी बेटी के बारे में जानकर मुझे बेहद दुख हुआ। मैं उस पिता की मानसिक स्थिति को समझ सकता हूं जिसकी बेटी से सामूहिक बलात्कार हुआ हो। इस मुश्किल घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह आपके साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस समय इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि पीड़िता शीघ्र स्वस्थ हो जाए और सामान्य जीवन जीने की स्थिति में आ सके। माझी ने पीड़िता के पिता से कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ओडिशा के एक वरिष्ठ अधिकारी पश्चिम बंगाल सरकार के संपर्क में हैं और सभी आवश्यक कानूनी सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बालासोर जिले के पुलिस अधीक्षक को दुर्गापुर पुलिस के संपर्क में रहने और आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। माझी ने पीड़िता के पिता को हर प्रकार की सहायता मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

# 'फतवा जारी कर दें कि लड़कियां घर से बाहर...', ममता पर बरसे आरजी कर पीड़िता के पिता



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मामले की पीड़िता के पिता ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से नाराजगी जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तीखा सवाल पूछा है। आरजी कर पीड़िता के पिता ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अच्छी बातें कहीं...तो क्यों न वो आज रात ही एक फतवा जारी करें कि कल सुबह से कोई भी लड़की घर से बाहर न निकले। अगर लड़कियां घर से बाहर नहीं निकलेंगी तब कोई घटना नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री ममता अपना काम ठीक से नहीं कर सकतीं, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। आरजी कर मामले की पीड़िता के पिता ने आगे कहा कि घटना राज्य में एक ओडिशा की लड़की के साथ हुई है। ऐसे में मुख्यमंत्री किस तरह का संदेश दे रही हैं? वो खुद कानून व्यवस्था पर नजर नहीं रख पा रहीं, इसलिए अब पीड़िता को ही दोष दे रही हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद आपत्तिजनक है। अगर ऐसा ही करना है तो लड़कियों को बाहर जाने से रोकने का फतवा जारी कर दें। पीड़िता के पिता ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच से हमें गहरा दुख पहुंचा है और यह समझ से परे है कि एक महिला मुख्यमंत्री ऐसी बात कैसे कर सकती हैं।

# महिला के साथ तृणमूल नेता का आपत्तिजनक वीडियो वायरल

### पार्टी ने पद से हटाया, स्थानीय लोगों ने की गिरफ्तारी की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले चकदह शहर के तृणमूल कांग्रेस के उपाध्यक्ष नारायण मंडल का एक महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है। तृणमूल सूत्रों के मुताबिक, नेता ने स्वीकार किया है कि वीडियो उसका है। इसके बाद, पार्टी ने मंडल को उसके पद से हटा दिया है। चकदह शहर तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष देबकृष्ण मजूमदार ने वीडियो की सत्यता स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि फेसबुक पर यह वीडियो देखने के बाद उन्होंने नारायण मंडल को फोन करके इस बारे में पूछा। नारायण ने सब कुछ स्वीकार कर लिया है। इसके बाद, जिला और स्थानीय नेतृत्व से बात करने के बाद नारायण मंडल को चकदह शहर तृणमूल कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद से हटा दिया गया।

इलाके के निवासी डॉक्टर दिवाकर चक्रवर्ती का दावा है कि नारायण भू-माफियाओं के लगातार संपर्क में है। तृणमूल नेता की भू-विभाग के कुछ अधिकारियों से भी नजदीकी है। आरोप है कि वह महिलाओं को तरह-तरह के प्रलोभन देकर विभिन्न होटलों में ले जाकर भू-विभाग के अधिकारियों के साथ यौन संबंध बनवाता था। बाद में, उन्हें ब्लैकमेल करके उसने मोटी रकम कमाई। डाक्टर का दावा है कि इस पैसे में कई लोगों का हिस्सा होता है।

# दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा, कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मुद्दे पर विपक्षी भाजपा और कांग्रेस ने रविवार को राज्य में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की। भाजपा समर्थकों ने आसनसोल दक्षिण पुलिस थाने तक विरोध मार्च निकाला और थाने के गेट के बाहर धरना दिया। भाजपा की पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी दुर्गापुर स्थित उस अस्पताल गईं जहां पीड़िता का इलाज चल रहा है, लेकिन पुलिस कर्मियों ने उन्हें अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। पार्टी ने राज्य के सबसे बड़े औद्योगिक शहर दुर्गापुर में सिटी सेंटर के सामने भी विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंचीं और मांग की कि उन्हें संस्थान के अधिकारियों से बात करने की अनुमति दी जाए। वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस ने दोषी पाए गए लोगों के लिए मृत्युदंड की मांग की। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर के दुष्कर्म-हत्या के बाद 2024 में गठित फोरम 'अभया मंच' और वरिष्ठ डॉक्टर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने भी पीड़िता के परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए दुर्गापुर का दौरा किया।

# बंगाल में महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल सीएम ममता बनर्जी : शुभेंदु अधिकारी

**पूर्व मेदिनीपुर :** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर तीखा हमला बोला है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता बनर्जी ने आदेश दिया है कि महिलाएं रात में बाहर न जाएं, यह स्वीकार करते हुए कि वह महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकतीं। भाजपा नेता ने सवाल उठाया कि ऐसे में उनके पास अभी भी गृह विभाग क्यों है? शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि कमदुनी से लेकर आरजी कर अस्पताल और दुर्गापुर तक, मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह महिलाओं की सुरक्षा देने में असफल हैं। उन्होंने कहा कि अगर वास्तव में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती तो मुख्यमंत्री को रात के समय महिलाओं के लिए लॉकडाउन लागू करना चाहिए। भाजपा विधायक ने यह भी कहा कि यह केवल एक शहर या मामले की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है।

# ममता बनर्जी देवी लक्ष्मी की तरह हैं : कुणाल घोष

## तृणमूल नेता ने 'मां लक्ष्मी' से की ममता की तुलना

### भाजपा, माकपा और कांग्रेस को डाकिनी, योगिनी व पिशाच कहकर निशाना साधा

**पूर्व बर्दवान/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता कुणाल घोष ने मुख्यमंत्री व पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी की तुलना मां लक्ष्मी से की है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी देवी लक्ष्मी की तरह हैं। उन्होंने यह बात पूर्व बर्दवान जिले के कटवा में ब्लॉक 1 स्थित पंचाननतला में शनिवार को तृणमूल के विजया सम्मेलन में कही। घोष ने इस दौरान भाजपा, माकपा और कांग्रेस को डाकिनी, योगिनी व पिशाच कहकर उन पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने मंच पर गीत भी गाया और भाषण दिया। कुणाल ने सलिल चौधरी के गीत और धुनों के साथ हेमंता मुखर्जी की आवाज में प्रसिद्ध गीत- कोनो एक गानेर बधुर कोथा तोमे शोनाई शोनो गाया।

गाने में गानेर बधुर शंखेर दके, लक्ष्मी आएगी और सबका घर भर देगी शामिल है। गाने के बोल के आधार पर कुणाल ने मुख्यमंत्री की तुलना मां लक्ष्मी से की। उन्होंने कहा कि ग्राम वधू के शंखनाद करने पर जो आती है वह मां लक्ष्मी ममता बनर्जी हैं। बाद में, एक संवाददाता सम्मेलन में कुणाल घोष से जब पूछा गया कि क्या वह ममता बनर्जी की तुलना मां लक्ष्मी से कर रहे हैं। इसपर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की तुलना कई तरह से की जा सकती है। विकास, सद्भाव, समृद्धि, शांति, ममता बनर्जी इसकी प्रतीक हैं।

**CHANGE OF NAME**

I, Swami Babu Munjeti R/O Qtr No 6/8, CWE Complex, Alipore, Kolkata-700027, this to inform that my Name and my wife's name wrongly written as Swami Babu and Manikanka in my elder daughter Parinitha Munjeti school records. do hereby declare that we known as mine and my wife are Swami Babu Munjeti and Manikanka Munjeti by Vide affidavit before the Notary Public at Alipore Judges Court, Kolkata dated 10.10.2025

# राजीव कुमार बनाम सीबीआई : जमानत मामले में छह साल बाद आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

## सीबीआई ने राज्य पुलिस महानिदेशक की अग्रिम जमानत के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में दायर किया था मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** छह साल बाद राज्य पुलिस महानिदेशक (डीजी) राजीव कुमार के खिलाफ सीबीआई मामले की सुनवाई सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में होगी। सीबीआई ने राजीव की अग्रिम जमानत के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक मामला दायर किया था। यह मामला सोमवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ में सुनवाई की सूची में है। सुप्रीम कोर्ट के सूत्रों के अनुसार, यह मामला मुख्य न्यायाधीश की पीठ में सुनवाई की सूची में पहले स्थान पर है। बता दें कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने 2019 में वर्तमान राज्य पुलिस महानिदेशक को अग्रिम जमानत दी थी। एक अक्टूबर, 2019 को हाई कोर्ट ने राजीव की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली थी। तीन दिनों के भीतर, सीबीआई ने उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सीबीआई ने उसी वर्ष चार अक्टूबर को हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक मामला दायर किया था। अदालत ने 25 और 29 नवंबर, 2019 को मामले की सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने दूसरी सुनवाई के दिन राजीव को नोटिस जारी किया। राजीव को उसी साल 20 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट से नोटिस मिला था। इसके बाद इस मामले को लेकर अदालत में कई याचिकाएं सदायर की गईं। हालांकि, सुनवाई में कोई प्रगति नहीं हुई। यानी, इतने सालों में सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई सिर्फ दो बार हुई है।



राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआइटी) ने सबसे पहले सारधा चिटफंड घोटाले की जांच शुरू की थी। एसआइटी के सदस्यों में एक बिधाननगर के तत्कालीन पुलिस आयुक्त राजीव थे। 2014 में, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच पुलिस से लेकर सीबीआई को दे दी। जांच के दौरान सीबीआई ने आरोप लगाया कि राजीव जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने जानबूझकर कई महत्वपूर्ण जानकारियों और दस्तावेजों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। ताकि सबूत नष्ट हो जाएं। हालांकि, राजीव ने उन सभी आरोपों का खंडन किया। उन्होंने अदालत को बताया कि उन्होंने सीबीआई जांच में पूरा सहयोग किया है। उन्होंने मेघालय के शिलांग में पांच दिनों (कुल 40 घंटे) तक केंद्रीय जांच एजेंसी की पूछताछ में भाग लिया। और बाद में वे कोलकाता स्थित सीबीआई कार्यालय में भी पेश हुए। हालांकि, सीबीआई ने कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त राजीव की हिरासत लेने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए थे। फरवरी 2019 में, सर्वोच्च न्यायालय ने राजीव को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। बाद में उसी वर्ष मई में न्यायालय ने वह संरक्षण वापस ले लिया। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राजीव चाहें तो अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। तदनुसार, उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट में एक मामला दायर किया। जमानत का विरोध करते हुए सीबीआई ने तर्क दिया कि राजीव सहयोग न करके जानबूझकर जाच में देरी कर रहे हैं। वह एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। यदि उन्हें जमानत दी जाती है, तो जांच बाधित हो सकती है। उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जाना चाहिए। राजीव का प्रतिवाद यह था कि उन्होंने जांच में बार-बार सहयोग किया है। उन्हें हिरासत में लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। कानून के अनुसार उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा की जानी चाहिए। तत्कालीन हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति शाहिदुल्लाह मुंशी और न्यायमूर्ति सुभाशीष दासगुप्ता की खंडपीठ ने राजीव की अग्रिम ज़मानत मंजूर कर ली। सीबीआई ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। जिसकी सुनवाई सोमवार को मुख्य न्यायाधीश की बेंच में होनी है।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL · PROPERTY · RECRUITMENT
EDUCATION · NAME CHANGE · PUBLIC NOTICE
OBITUARY · REMEMBRANCE · DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# भाजपा सांसद राजू बिस्टा का ममता पर तंज, नल से 'फोन' लगाकर पूछा... 'सुनाई दे रहा है?'

**सिलीगुड़ी :** राज्य में 'हर घर जल योजना' को लेकर दार्जिलिंग के सांसद राजू बिस्टा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने एक विवादास्पद और व्यंगात्मक वीडियो जारी किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सांसद बिस्टा ने एक रचनात्मक तरीके से मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए पहाड़ी क्षेत्र में पानी की गंभीर कमी को उजागर किया है। बिस्टा ने आरोप लगाया है कि भारी भूस्खलन से प्रभावित दार्जिलिंग क्षेत्र में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप है, जिससे स्थानीय निवासियों को



अत्यधिक परेशानी हो रही है। सांसद राजू बिस्टा इस वीडियो में सड़क के किनारे लगे एक सूखे पानी के नल के पास जाते हैं। यह क्षेत्र एक पहाड़ी इलाका है। वे नल में मुंह लगाकर फोन करने का नाटक करते हैं, और यह कहते हैं, हैलो ममता दीदी, सुनाई दे रहा है?। इसके बाद, वह नल पर कान लगाकर प्रतिक्रिया सुनने की उम्मीद करते हैं। सांसद बिस्टा ने अपनी इस हास्यास्पद लेकिन गंभीर हरकत के माध्यम से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सीधा संदेश दिया। वीडियो में उन्होंने कहा कि ममता दीदी, ये 'हर घर जल' का नल है। इसमें पानी नहीं है। आपको सुनाई दे रहा है? उन्होंने बार-बार दोहराया, हर घर नल है, पानी नहीं आ रहा है। यह वीडियो राज्य में योजना की विफलता को लेकर ममता बनर्जी पर कटाक्ष करता है। राजू बिस्टा के अनुसार, दार्जिलिंग में पानी की कमी का मुद्दा हाल ही में आई भूस्खलन से हुई भारी तबाही के बाद और भी गंभीर हो गया है। भूस्खलन के बाद अभी तक क्षेत्र में हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। बीजेपी सांसद राजू बिस्टा ने दावा किया है कि आपदा से तबाह हुए दार्जिलिंग क्षेत्र में एक भी नल से पानी नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश तक मोबाइल तस्करी का पर्दाफाश, फरक्का जीआरपी के हत्थे चढ़े दो तस्कर

**मुर्शिदाबाद :** जिले के फरक्का में जीआरपी ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मोबाइल तस्करी के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश में मोबाइल फोन की तस्करी के प्रयास के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से 147 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि इन मोबाइलों की तस्करी के पीछे कोई साजिश तो नहीं है और इस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों के नाम दाऊद इब्राहिम (24) और तहीरूप शेख (25) हैं। दोनों मालदह जिले के कालियाचक इलाके के निवासी हैं। फरक्का जीआरपी के मुताबिक, दोनों आरोपित उत्तर प्रदेश से अप



ब्रह्मपुत्र मेल एक्सप्रेस ट्रेन से फरक्का पहुंचे थे। जैसे ही वे न्यू फरक्का स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर उतरे और कालियाचक जाने की तैयारी कर रहे थे, जीआरपी ने गुप्त सूचना के आधार पर उन्हें धर दबोचा। जांच के दौरान दोनों के बैग से 147 मोबाइल फोन बरामद हुए। जब उनसे मोबाइलों के स्रोत और उद्देश्य के बारे में पूछा गया, तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद, पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन मोबाइलों को बांग्लादेश भेजने के पीछे कोई अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क या आतंकी साजिश तो नहीं है। रविवार को दोनों आरोपितों सात दिन की पुलिस हिरासत के आवेदन के साथ अदालत में पेश किया गया।

## बर्दवान स्टेशन पर नहीं हुई कोई भगदड़, भीड़ सामान्य थी : रेलवे

**❑ रेलवे का दावा- स्टेशन के फुटओवर ब्रिज पर संतुलन बिगड़ने से तीन यात्री हुए हैं घायल**

**बर्दवान/कोलकाता :** बंगाल के बर्दवान स्टेशन पर रविवार शाम को यात्रियों की भारी भीड़ के कारण भगदड़ होने और इसमें 10-12 लोगों के घायल होने के दावे को रेलवे ने सिरे से खारिज किया है। कोलकाता में पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) ने देर शाम एक बयान जारी कर स्पष्ट कहा कि बर्दवान स्टेशन पर कोई भगदड़ नहीं हुई है और भीड़ सामान्य थी। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्टों में भगदड़ होने का दावा किया गया था। बयान में कहा गया कि शाम में एक महिला बर्दवान स्टेशन के फुटओवर ब्रिज से प्लेटफार्म संख्या ओर की ओर सामान्य गति से जा रही थी, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह फुटओवर ब्रिज की सीढ़ियों पर गिर गई। इसमें महिला सहित तीन यात्री घायल हो गए। घायल हुए तीनों लोगों को इलाज के लिए बर्दवान मेडिकल कालेज भेजा गया है। सीपीआरओ ने कहा कि फुटओवर ब्रिज पर महिला के गिरने के बाद, उसका भार ब्रिज की सीढ़ियों पर बैठे अन्य यात्रियों पर भी पड़ा, जो बाद में संतुलन खो बैठे और नीचे गिर गए। जिसमें तीनों घायल हो गए। प्लेटफार्म पर तैनात आरपीएफ और रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत उनकी देखभाल की। रेलवे के डाक्टर भी पहुंचे और प्राथमिक उपचार किया और तीनों को अस्प-ताल ले जाया गया। रेलवे ने स्पष्ट किया कि कोई भगदड़ नहीं हुई है। साथ ही कोई हताहत नहीं हुआ है।

## पूर्व रेलवे के अभियंता राजीव रौशन को मिला प्रतिष्ठित अशोका पुरस्कार- 2025

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (फ्रेट)/मुख्यालय, राजीव रौशन को उनके नवोन्मेषी एवं पथप्रदर्शक कार्यों के लिए नई दिल्ली स्थित भारतीय पर्यावास केंद्र में आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित अशोका पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें रोलिंग स्टॉक की मशीन विजन इंस्पेक्शन प्रणाली के विकास, हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर की स्थापना-सुधार तथा समर्पित मालवाहक गलियारे के दौरान ट्रक ऑन ट्रेन सेवा के सफल संचालन हेतु प्रदान किया गया। यह सम्मान चार्ल्स वाल्टर्स सोसाइटी फॉर इनो-वेशन एंड रिसर्च द्वारा प्रतिवर्ष उन नौकरशाहों को दिया जाता है जिन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, लोक प्रशासन, पुलिस या शासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया हो। इस वर्ष श्री रौशन को 200 नामांकित व्यक्तियों में से



जूरी द्वारा चुना गया, जो उनके कार्य की व्यापक मान्यता को दर्शाता है। रौशन द्वारा विकसित एमवीआईएस प्रणाली भारतीय रेलवे के लिए क्रांतिकारी सिद्ध हुई है। यह एक स्वचालित वे-साइड उपकरण निरीक्षण प्रणाली है जिसमें उच्च गति वाले कैमरे, सर्वर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सॉफ्टवेयर शामिल हैं। यह प्रणाली ट्रेन के गुजरते समय वास्तविक छवियों, रोलिंग स्टॉक की स्थिति और संख्या का विश्लेषण कर संभावित दोषों की पहचान करती है, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम में उल्लेखनीय मदद मिली है। उनके नेतृत्व में विकसित एचएबीडी का संशोधित वेब पोर्टल भी रेलवे द्वारा उपयोग में लाया जा रहा है, जो रोलिंग स्टॉक की विफलता की प्रवृत्ति का विश्लेषण कर सुधार योजनाओं को सशक्त बनाता है। यह उपलब्धि रौशन की नवाचार यात्रा की नवीनतम कड़ी है। इससे पहले उन्हें 30 अप्रैल 2019 को मुंबई में आयोजित समारोह में रेल परिचालन को पेपरलेस बनाने वाले एक अभिनव सॉफ्टवेयर के लिए रेल मंत्री द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2023 में उन्हें वार्षिक डीएफसी पुरस्कार भी प्राप्त हुआ, जो डीएफसी ट्रैक पर वेसाइड उपकरणों के विकास में उनके योगदान के लिए दिया गया। वर्तमान में रौशन, महाप्रबंधक मिलिंद के. देऊस्कर और प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता परमानंद शर्मा के नेतृत्व में कार्यरत हैं तथा पूर्व रेलवे में डिजिटल परिवर्तन और तकनीकी उत्कृष्टता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी दूरदर्शिता और समर्पण ने न केवल भारतीय रेलवे में नवाचार की नई दिशा दी है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अभियंताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना है। यह सम्मान पूर्व रेलवे के लिए गर्व का क्षण है।

## मुर्शिदाबाद में दो लाख रुपये के नकली नोट बरामद, दो गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के शामशेरगंज थाने की पुलिस ने शनिवार की रात एक विशेष अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की। गुप्त सूचना के आधार पर धूलियन गंगा घाट इलाके के पास छापेमारी कर पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया और उनके पास से लगभग दो लाख रुपए के नकली नोट बरामद किए। रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के नाम तैमूर शेख (50) और फरीदा बीबी (38) हैं। दोनों मालदह ज़िले के वैष्णवनगर थाना अंतर्गत हाजीपुर इलाके के निवासी हैं। पुलिस ने उनके पास से लगभग एक लाख 99 हजार 500 रुपये के नकली नोट बरामद किए। पुलिस का कहना है कि बरामद नकली नोटों की मात्रा को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि




यह एक बड़े फेक करेंसी रैकेट का हिस्सा है। प्रारंभिक जांच में यह भी शक जताया गया है कि नकली नोटों की यह खेप सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध रूप से देश में लाई जा रही थी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपित स्थानीय बाज़ारों में इन नकली नोटों को फैलाने की योजना बना रहे थे। दोनों आरोपितों को रविवार को अदालत में पेश किया गया। मामले की जांच जारी है।

## मेट्रो रेलवे ने मनाया 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस', यात्रियों में जागरूकता फैलाने का अनूठा प्रयास

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे के मेडिकल विभाग ने 10 अक्टूबर 2025 को 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया। यह कार्यक्रम द हंस फाउंडेशन के सहयोग से महानायक उत्तम कुमार और एस्प्लानेड मेट्रो स्टेशन पर आयोजित किया गया। इस वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम थी - मानवता संबंधी आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य। इस थीम का उद्देश्य संघर्ष, प्राकृतिक आपदाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों से प्रभावित व्यक्तियों की मानसिक जरूरतों को समझना और उनका समाधान करना है। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नाट्य प्रदर्शन (ड्रामा) प्रस्तुत किया गया, जिसने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को सरल और प्रभावी तरीके से सामने रखा। इसके अलावा, कई यात्रियों से व्यक्तिगत बातचीत कर उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति समझ बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में यात्रियों ने भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए। सीनियर मेडिकल ऑफिसर और मेट्रो रेलवे के कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। मेट्रो रेलवे प्रशासन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और यह संदेश देना है कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है।

## मेट्रो रेलवे ने शुरू किया 'स्पेशल कैम्पेन 5.0', स्वच्छता के प्रति यात्रियों से सहयोग की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने स्वच्छता और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्पेशल कैम्पेन 5.0' के तहत रविवार को शहर के विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान यात्रियों से अपील की गई कि वे मेट्रो परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। इस विशेष अभियान के तहत सभी मेट्रो लाइनों पर स्टेशनों, सुरंगों, कारशेड क्षेत्रों, ट्रेनों और अन्य प्रतिष्ठानों में गहन सफाई और सैनिटाइजेशन कार्य किए जा रहे हैं। मेट्रो रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी स्वयं इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं ताकि हर स्टेशन को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सके। साथ ही, यात्रियों को सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के



माध्यम से लगातार जागरूक किया जा रहा है कि वे मेट्रो परिसर में थूकने या कचरा फैलाने से बचें। मेट्रो प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसे सीसीटीवी निगरानी के जरिए आस-ानी से पहचाना जा सकेगा और उस पर 500 का जुर्माना लगाया जाएगा। मेट्रो अधिकारियों ने यात्रियों से आग्रह किया है कि स्टेशन परिसर में लगे डस्टबिन का उपयोग करें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। मेट्रो रेलवे का उद्देश्य इस अभियान के माध्यम से यात्रियों में स्वच्छ मेट्रो - सुरक्षित यात्रा का संदेश फैलाना है। सभी से अपील की गई है कि वे इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें ताकि कोलकाता मेट्रो को और अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल बनाया जा सके।

## सीकर नागरिक परिषद द्वारा दीपोत्सव मनाने में सहायता

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा शनिवार को सीकर भवन में दीप-ोत्सव कार्यक्रम के तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले कुल 551 लोगों में दीपोत्सव मनाने हेतु उचित सहायता सामग्रियां प्रदान की गई। परिवार के प्रत्येक सदस्यों को नये वस्त्र की सौगात दी गई। महिलाओं के लिए साड़ियां, लड़कियों को लेग्गिंस-टॉप व नेल पॉलिश, पुरुषों के लिए टी-शर्ट व लॉउजर, अंडर गारमेंट्स तथा बच्चों को पैंट-शर्ट दिया गया। पूरे परिवार को उचित खाद्य सामग्रियां चावल, दाल, आलू, नमक, चीनी, चाय पत्ती, बिस्कुट, दूध, दीया-बाती, तेल, नमकीन एवं साथ ही एक-एक मिठाई का डिब्बा भी वितरित किया गया। संयोजक एवं सह सचिव केशव



सोमानी तथा सह संयोजक राजकुमार अग्रवाल ने यह जानकारी दी। अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने बताया कि परिषद पिछले दस वर्षों से निरंतर अर्थाभाव के कारण जो लोग उत्सव नहीं मना पाते हैं, परिषद उन परिवारों को उत्सव मनाने में सहायता करती हैं। परिषद के अध्यक्ष अरविंद बियानी, उपाध्यक्ष दामोदर प्रसाद बिदावतका, उपाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल ने कहा कि दीपावली का असली आनंद तब है जब हर घर दीप मालिकाओं से प्रज्वलित हो। समाज का हर वर्ग के बीच खुशियाँ हो। परिषद का यह प्रयास न केवल सेवा का प्रतीक है, बल्कि समाज में संवेदना और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर परिषद के सचिव रवि शंकर सीकरिया ने बताया कि परिषद का उद्देश्य समाज के उन परिवारों तक खुशियां पहुंचाना है जो आर्थिक अभाव के कारण उत्सव नहीं मना पाते। परिषद उन परिवारों को उत्सव मनाने में सहायता करती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्टी धर्मचन्द जैन, आदित्य विक्रम बियानी, कमल प्रसाद चौधरी, काशी प्रसाद धेलिया, राजकुमार अग्रवाल, रामोतार अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, संजय शर्मा, महेश शर्मा, पद्म चन्द जैन, रवि लोहिया, सुरेश अग्रवाल, राखाल राय, सुनीता लोहिया, मंजु अग्रवाल, के साथ सभी शुभेच्छुओं का भरपूर सहयोग रहा।

## टीटागढ़ क्षत्रिय समाज ने मनाया आठवां स्थापना दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** रविवार को टीटागढ़ पुरानी बाजार, वार्ड 10 के महात्मा गांधी रोड स्थित श्री स्टार क्लब के प्रांगण में टीटागढ़ क्षत्रिय समाज ने अपने आठवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें क्षत्रिय समाज के सपरिवार सदस्यों सहित अन्य सामाजिक और धार्मिक संगठनों की भारी संख्या में उपस्थित प्रतिनिधियों के साथ ध्वजारोहण करके वार्ड के पार्षद शेष नारायण सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंच संचालन संस्थापक अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह और धन्यवाद संतोष कुमार ने किया। इस अवसर पर टीटागढ़ क्षत्रिय समाज की गव्हर्निंग बॉडी के उपाध्यक्ष नीतीश सिंह, राणा शमशेर बहादुर सिंह, मनोज कुमार सिंह सकरवार, उमा शंकर सिंह (मुन्ना) तथा अन्य सदस्य दिनेश सिंह, विनोद सिंह, चन्द्रभान सिंह, जितेन्द्र सिंह, शिक्षक सत्येन्द्र सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, डॉ. कृष्णा सिंह, दयानिधि सिंह, तारकनाथ सिंह, घनश्याम सिंह, बैरकपुर क्षत्रिय समाज से कृष्णा जी सिंह, विशाल सिंह, जगतदल के परमेश्वर सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## स्वच्छता अभियान 5.0 के तहत हावड़ा मंडल ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान, यात्राओं को बनाया स्वच्छ और सुरक्षित

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा और स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत यात्रियों की सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता पर विशेष बल दिया है। इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छ प्रसाधन और स्वच्छ पर्यावरण पर केंद्रित कई पहलें की जा रही हैं। मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कोचिंग डिपो, ट्रेनों, अस्पतालों, कार्यस्थलों और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई और नवीनीकरण अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक शौचालयों की गहन सफाई, मरम्मत और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है ताकि यात्रियों और कर्मचारियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके। जल उप-लब्धता बढ़ाने, पाइप लीक ठीक करने, ड्रेनेज सिस्टम सुधारने और क्षतिग्रस्त फिटिंग्स बदलने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यात्रियों और



स्थानीय समुदायों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें रेलवे ट्रैक और परिसरों के आसपास खुले में शौच न करने का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही, दिव्यांग अनुकूल सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्यालयों और स्टेशनों पर एक्सेसिबिलिटी ऑडिट भी किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें यात्रियों और कर्मचारियों को पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वेस्ट टू वेल्थ (कचरे से कमाई) विषय पर प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है, जिसमें रीसाइक्लिंग और टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकों को प्रदर्शित किया गया है। इन सभी प्रयासों के माध्यम से हावड़ा मंडल ने रेलवे यात्राओं को स्वच्छ और आरामदायक बनाए रखने तथा 'स्वच्छ भारत' के लक्ष्य में सक्रिय योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## ममता कलेक्शन का पंचदिवसीय दिवाली स्पेशल सिंघी पैलेस में शुरू



**कोलकाता, समाज्ञा :** लगभग 15 वर्षों से इमीटेशन ज्वैलरी के लिए सुपरिचित 'ममता कलेक्शन' ने इस बार भी दीपावली पर लोगों को एक ही छत के नीचे इमीटेशन ज्वैलरी के सभी आइटम उपलब्ध करवाने के लिये गड़ियाहाट के सिंघी पैलेस में आयोजित फेयर सेंटर के दीवाली बाजार में अपने उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-बिक्री का आयोजन किया है। ममता कलेक्शन की प्रमुख कर्णधार ममता भुवालका ने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन में स्टॉल सी-8 में प्रदर्शित हमारे उत्पादों में कुंदन, जड़ाऊ, एडी के परम्परागत भारतीय इमीटेशन ज्वैलरी के साथ ही अत्यंत आकर्षक वेस्टर्न ज्वैलरी का भी नवीनतम एवं आकर्षक कलेक्शन उपलब्ध करवाया गया है। इतना ही नहीं, इस बार, ममता कलेक्शन ने दीपावली पर सूट-साड़ियों का आकर्षक कलेक्शन और घर को रौशन करने व गिफ्ट के लिहाज से विविध रंगो व डिजाइनों के कैंडल का भी कलेक्शन प्रदर्शित किया है।

## आसनसोल मंडल में 'स्वच्छ प्रसाधन' एवं 'स्वच्छ परिसर' अभियान के तहत व्यापक स्वच्छता गतिविधियां संपन्न

**आसनसोल :** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 एवं स्पेशल कैम्पेन 5.0 के अंतर्गत पूर्वी रेलवे के आसनसोल मंडल में स्वच्छ प्रसाधन (स्वच्छ शौचालय) और स्वच्छ परिसर (स्वच्छ वातावरण) को केंद्र में रखकर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान



आसनसोल, जसीडीह, बराकर, कुमारडूबी, मधुपुर, दुमका, पांडवेश्वर एवं पानागढ़ स्टेशनों पर शौचालयों, प्लेटफार्मों, परिसंचरण क्षेत्रों और स्टेशन परिसरों की गहन सफाई की गई। दोषपूर्ण फिटिंग्स, सेप्टिक टैंक, जल निकासी व्यवस्था और टाइल्स की मरम्मत व सुधार कर यात्रियों की सुविधा और स्वच्छता स्तर को और बेहतर बनाया गया। विशेष ध्यान दिव्यांगजन अनुकूल शौचालयों की उपलब्धता और रखरखाव पर दिया गया, जिससे पांडवेश्वर जैसे स्टेशनों पर इनका उपयोग सुगम बना रहे। मंडल के आसनसोल, मधुपुर, दुमका और कुमारडूबी स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता अभियान भी आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने और स्टेशन सुविधाओं का जिम्मेद-ारीपूर्वक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों ने सफाई कार्यों और अपशिष्ट प्रबंधन की नियमित निगरानी की, जिससे स्वच्छता व्यवस्था में लगातार सुधार हुआ। इन संयुक्त प्रयासों से आसनसोल मंडल के स्टेशनों का समग्र वातावरण पहले की तुलना में अधिक स्वच्छ और आकर्षक बना है। मंडल प्रबंधन यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## महाराजा अग्रसेन धाम द्वारा स्व. श्यामसुन्दर अग्रवाल को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुपरिचित समाजसेवी व उद्योगपति स्व. श्यामसुन्दर अग्रवाल की स्मृति में रविवार को महाराजा अग्रसेन धाम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए बाल व्यास पं. श्रीकान्त शर्मा ने स्व. अग्रवाल को पुण्यात्मा कहा। उन्होंने कहा कि स्व. श्यामसुन्दर अग्रवाल अत्यन्त विनम्र, सरल व दूरदर्शी समाजसेवी थे। महाराजा अग्रसेन धाम के अध्यक्ष ओम जालान ने कहा कि वे धाम के कोषाध्यक्ष ही नहीं, एक मजबूत स्तम्भ थे। सभी लोगों के प्रति उनके हृदय में अपार स्नेह था और वे धाम की प्रगति के लिए जीवन की अंतिम सांस तक सक्रिय रहे। संस्था के मंत्री निर्मल सराफ ने कहा कि स्व. श्याम बाबू अभिभावकस्वरूप थे। वृद्धावस्था के बावजूद वे रोजाना



धाम कार्यालय में आकर अपना दायित्व निभाते थे। श्याम बाबू के प्रति उदगार प्रगट करते हुए उनके नेत्र सजल हो उठे। बताना प्रासंगिक है कि वर्ष 2015 में अग्रसेन धाम के प्रारम्भिक चरण में ही उन्होंने मेडिकल सेंटर की स्थापना करके अपनी उदार एवं जनहितकारी भावनाओं का परिचय दिया। सर्वश्री कैलाश कयाल, रमेश सोन्थलिया सहित सभी वक्ताओं ने पाकुड़िया सालासर धाम की स्थापना में उनके महान् योगदान का भी जिक्र किया। अग्रसेन धाम के अन्य कई ट्रस्टियों ने उन्हें भावांजलि देकर समवेत स्वर में कहा कि उनके सपनों को पूरा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

स्व. श्यामसुन्दर अग्रवाल को श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित लोगों में प्रमुख थे सर्वश्री मुरारीलाल दीवान, राधेश्याम गोयनका, विश्वनाथ सेक्सरिया, सज्जन भजनका, नन्दलाल रूंगटा, अनिल केडिया, सत्यनारायण देवरालिया, अशोक तोदी, अशोक चूड़ीवाला, भगव-ानदास अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, दिनेश अड़ूकिया, बिरमप्रकाश सुल्तानिया, विष्णु फोगला, विवेक अड़ूकिया, कैलाश कयाल, रमेश सोन्थलिया, मनोज बगड़िया, विनोद केडिया, संजय गोयनका, पवन टीबड़ेवाला, बजरंग अग्रवाल, पवन माधोगढ़िया, केशव बूबना, जेपी अग्रवाल, महावीर सांवरिया, प्रमोद ड्रोलिया, अजय अग्रवाल, मुकेश गोयल, अनिल सरायवाला, रमेश केडिया, सुशील हीरावत, शंकर कारीवाल, पत्रकार प्रकाश चण्डालिया, संजय हरलालका,ललित प्रह्लादका, अंजनी धानुका, अशोक अग्रवाल, बलराम अग्रवाल, सुशील मित्तल, डा. विकास अग्रवाल, अमर भरतिया, रतन शाह, संदीप गर्ग, मनोज बंका, सुनील खेतान, गणेश अग्रवाल, मनमोहन केडिया, लक्ष्मण अग्रवाल आदि। सभा के अन्त में एक मिनट का मौन रखा गया तथा एक शोक प्रस्ताव पारित कर स्व. अग्रवाल के सुपुत्र अभिनव अग्रवाल को सौंपा गया।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर 2.82 करोड़ के सोने के बिस्कुट के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पश्चिम बंगाल के हरांदिपुर सीमा चौकी (बीओपी) पर तैनात सीमा सुरक्षा बल की 32वीं बटालियन ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। बीएसएफ के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर एक भारतीय तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया और उसके पास से 20 सोने के बिस्कुट बरामद किए। बरामद सोने का कुल वजन 2332.66 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2.82 करोड़ बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, 11 अक्टूबर की रात को बीएसएफ की 32वीं बटालियन को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि मुस्लिमपाड़ा गांव का एक व्यक्ति बांग्लादेश से लाया गया अवैध सोना हरांदिपुर इलाके से भारत में तस्करी करने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही बीएसएफ जवानों को अतिरिक्त सतर्क कर दिया गया और संदिग्ध स्थान पर विशेष नजर रखी गई। सुबह करीब 6 बजे, घात लगाई टीम ने घने बांस के झुरमुट के पीछे एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। जवानों ने तुरंत उसे घेर लिया और गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक प्लास्टिक का पैकेट बरामद हुआ, जिसमें 20 सोने के बिस्कुट पाए गए। तस्कर को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया और पूछताछ के लिए हरांदिपुर बीओपी लाया गया। बीएसएफ ने जब्त किए गए सोने और गिरफ्तार तस्कर को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित एजेंसियों को सौंप दिया है।



## दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म : घटना के विरोध में हुगली जिले में भाजपा का प्रदर्शन

**हुगली, समाज्ञा :** दुर्गापुर में छात्रा से हुए कथित दुष्कर्म के विरोध में हुगली जिले में रविवार को भाजपा ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान, मोगरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर सड़क अवरुद्ध कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन में पुरसूरा के भाजपा विधायक बिमान घोष, हुगली सांगठनिक जिला भाजपा के महासचिव सुरेश साव, जयराज पाल, गणेश घंटाई, सोमनाथ मैत्रा सहित कई स्थानीय नेता उपस्थित थे। भाजपा सूत्रों के अनुसार, यह विरोध प्रदर्शन दोपहर 3:30 बजे से लेकर 4 बजे तक चला। इस दौरान मौके पर पुलिस की भारी तैनाती की गई ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जानी चाहिए। वहीं, श्रीरामपुर सांगठनिक जिला भाजपा अध्यक्ष सुमन घोष ने कहा कि श्रीरामपुर सांगठनिक जिले के अंतर्गत 11 में से 10 थानों के सामने दुर्गापुर गैंगरेप के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया है। डानकुनी थाने के सामने कल विरोध प्रदर्शन होगा।



### गार्डेनरीच के बिचाली घाट से मिला युवक का शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्डेनरीच स्थित बिचाली घाट में नदी से पुलिस ने एक युवक मकबूल आलम (34) का शव बरामद किया। कोलकाता पुलिस की डीएमजी टीम ने मकबूल का शव नदी से निकाला। लालबाजार पुलिस मुख्यालय सूत्रों के अनुसार, उक्त घटना वेस्ट पोर्ट थाना इलाके की है। पुलिस के अनुसार, पुलिस ने उक्त मकबूल आलम के शरीर को कलकत्ता मेडिकल अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों से उसे मृत बताया। पुलिस के अनुसार, मृतक 274 दिवान बागान लेन, गार्डेनरीच रोड मटियाबुर्ज का निवासी था। वैसे अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि मकबूल आलम के विवाह की बात कट गई थी और वह अपने घरवालों से कथित तौर पर नाराज था। वह शनिवार की सुबह से लापता था। बहरहाल, मकबूल आलम की मौत खुदकुशी है या फिर उसकी मौत गंगा नदी में नहाते वक्त हुई उक्त बात को लेकर तमाम तरह की बाते हो रही है। पुलिस ने मकबूल आलम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बिना अनुमति के विदेश यात्रा नहीं कर सकेंगे सरकारी कर्मचारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने कर्मचारियों की विदेश यात्रा को लेकर सख्त दिशानिर्देश जारी किए हैं। एक शीर्ष नौकरशाह ने आज बताया कि इस संबंध में एक अधिसूचना जारी कर दी गई है। दिशानिर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राज्य सरकार के कर्मचारी बिना सरकार की अनुमति के किसी भी परिस्थिति में विदेश नहीं जा सकेंगे। इस नियम में व्यक्तिगत बिदेश बात्रा, एलटीसी (अवकाश यात्रा रियायत) या सरकारी काम से विदेश यात्रा शामिल है। इसमें यह भी कहा गया है कि किसी भी अनियमितता को प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि, हाल ही में यह देखा गया है कि विभिन्न विभागों के कुछ सरकारी कर्मचारी बिदेश यात्रा के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करने से पहले ही यात्रा संबंधी गतिविधियों, टिकट या होटल आरक्षण चुक करने जैसे कदम उठा रहे हैं। इस तरह की कार्रवाई प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन है। सभी संबंधितों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसी यात्रा के लिए पूर्व अनुमति के संबंध में निर्देशों का कड़ाई से पालन करें, ताकि प्रक्रियात्मक और प्रशासनिक अनुपालन सुनिशित किया जा सके। सरकार ने यह भी कहा है, प्रशासनिक अनुशासन और प्रक्रियागत मानदंडों को बनाए रखने के हित में, सभी विभागाध्यक्षों (एचओडी) को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सामान्य परिस्थितियों में, किसी कर्मचारी की छुट्टी अवधि शुरू होने से कम से कम चार समाह पहले बात्रा अनुमति के लिए आवेदन इस विभाग को भेज दिए जाएँ। यानी, अंतिम समय में प्रस्ताव भेजकर मंजूरी नहीं ली जानी चाहिए। सरकारी सूत्रों के अनुसार, विदेश यात्रा से संबंधित अनुमति प्रक्रिया में अनुशासन लाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

## 5 करोड़ का सोना लेकर भागने की घटना में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक स्वर्ण व्यवसायी से आभूषण बनाने की बात कहकर 5 करोड़ का सोना लेकर भागने की घटना में मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार का नाम गौतम गरई है। पुलिस के अनुसार, पिछले जून माह में मोचीपाड़ा थाना इलाके के एक स्वर्ण व्यवसायी ने गहना कारीगर गौतम को 2 किलो 364 ग्राम सोना और निर्माण चार्ज 95 लाख देकर आभूषण बनाने के लिए कहा था। आरोप है कि गहना कारीगर गौतम को 2 किलो 364 ग्राम सोना और 95 लाख रुपए लेकर भाग गया। ऐसे में व्यवसायी के हाथ पांव फूल गये और उसने बाद में घटना की शिकायत दर्ज कराई। ऐसे में घटना की जांच कर रही पुलिस ने श्यामपुकुर इलाके से गौतम गरई को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति को रविवार को बैंकशाल अदालत में पेश किया गया और अदालत ने 17 अक्टूबर तक उसकी पुलिस हिरासत का आदेश दिया। इधर, आज जब आरोपी को पुलिस कोर्ट में पेश करने के लिए लाई थी तब कोर्ट परिसर में मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत में आरोपी ने दावा किया उसके ऊपर लगाए गए आरोप झूठ है और वह ट्रांसपोर्ट का काम से जुड़ा है। बहरहाल, पुलिस का कहना है कि घटना में आरोपी से ठगी किए गए सोने की बरामदगी नहीं हो सकी थी।



## जगदीशपुर में पूजा चंदा विवाद : चंदा न देने पर कारखाने के बाहर लगाया ताला, 50 कर्मचारी फंसे

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगदीशपुर के देवीपाड़ा इलाके में दुर्गा पूजा चंदा को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप है कि जगदीशपुर सार्वजनिन पूजा समिति के कुछ सदस्यों ने मांगे अनुसार चंदा न मिलने पर एक कारखाने के बाहर ताला जड़ दिया, जिसके अंदर करीब 50 कर्मचारी, जिनमें छह महिलाएं भी शामिल थीं, फंस गए। बाद में, पुलिस के हस्तक्षेप से ताला खोला गया। घटना शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पूजा समिति के चार सदस्य मिठुन कयाल के नेतृत्व में कारखाने से बकाया चंदा लेने पहुंचे थे। यह कारखाना नकुलदाना, मिश्री और गन्ने के गुड़ का निर्माण करता है तथा इन उत्पादों की आपूर्ति कोलकाता के बड़ाबाजार सहित अन्य जिलों और बांग्लादेश तक होती है। कारखाने के मैनेजर शंकर साव ने बताया कि समिति की ओर से 2,001 रुपये का चंदा मांगा गया था, जबकि कारखाना प्रबंधन केवल 200 रुपये देने को तैयार था। इस पर समिति के सदस्य भड़क गए और कथित रूप से गाली-गलौज व दुर्व्यवहार किया। इसके बाद, मिठुन कयाल और उसके साथियों ने कारखाने के मुख्य गेट पर बाहर से ताला लगा दिया, जिससे कर्मचारी अंदर ही फंस गए। घटना की जानकारी मिलते ही कारखाने की मालिक अंजलि कारार ने दासनगर थाने और लिलुआ फांड़ी से संपर्क किया। पुलिस के हस्तक्षेप और स्थानीय पंचायत प्रमुख व युवकों की मध्यस्थता के बाद शाम करीब 6 बजे ताला खोला गया, और सभी कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकले। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, हालांकि अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मिठुन कयाल तृणमूल कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता है। हालांकि, मिठुन ने फोन पर सफाई देते हुए कहा कि पूजा समाप्त होने के बाद भी कारखाना प्रबंधन ने चंदा नहीं दिया था। हम सिर्फ चंदा मांगने गए थे, लेकिन मैनेजर ने हमारे साथ अभद्रता की। वहीं, जगदीशपुर क्षेत्र के तृणमूल चेयरमैन इलियास मलिक ने कहा कि कुछ नए लड़के पार्टी के नाम पर ऐसी हरकतें कर रहे हैं। पार्टी ऐसे कार्यों का न तो समर्थन करती है और न ही सहन करेगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और संबंधित सभी पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

### निकासी और कचरे के ढेर से परेशान लोग सड़कों पर उतरे, रास्ता जामकर किया विरोध प्रदर्शन

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के बाली के पद्मबाबू रोड इलाके में रविवार सुबह स्थानीय निवासी निकासी की खराब व्यवस्था और सड़कों पर फैले कचरे के विरोध में सड़कों पर उतर आए। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया, जिससे इलाके में कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़कों पर गंदगी और नालियों के पानी के जमाव की समस्या बनी हुई है। इसके कारण दुर्गंध फैल रही है और आवाजाही में भारी असुविधा हो रही है। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बाली नगरपालिका की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नाराज होकर लोगों ने रविवार सुबह पद्मबाबू रोड पर रास्ता अवरुद्ध कर नारेबाजी शुरू कर दी। खबर मिलते ही बाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। सूत्रों के अनुसार, बाली नगरपालिका के अधिकारी ने स्थिति का जायजा लेने और समस्या के समाधान के लिए शीघ्र कदम उठाने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने लोगों से शांत रहने और प्रशासन को सुधार के लिए कुछ समय देने की अपील की है।

## रील बनाने के नाम पर पुलिस कर्मी की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म, यूट्यूबर पिता-पुत्र गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के हरोआ थाना क्षेत्र में एक पुलिस कर्मी की नाबालिग लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने यूट्यूबर पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि उन्होंने पहले पीड़िता की गुप्त तस्वीरें लीं। फिर, तस्वीरें दिखाकर उसे ब्लैकमेल किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार यूट्यूबर इस घटना का मास्टरमाइंड है। फिलहाल, पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के पिता कोलकाता पुलिस में कार्यरत हैं। पीड़िता का घर हरोआ के मोहनपुर में है। आरोपी यूट्यूबर उसी इलाके का रहने वाला है। नाबालिग लड़की एक स्थानीय स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा है। वह नाचने-गाने में काफी अच्छी है। यूट्यूबर और उसके नाबालिग बेटे ने कुछ महीने पहले उसे डांस और गाने का वीडियो बनाने के नाम पर बुलाया था। नाबालिग लड़की को कथित तौर पर वीडियो बनाने के नाम पर कई जगहों पर ले जाया गया। नाबालिग के परिवार ने पहले तो पड़ोसी होने का हवाला देकर इस मामले पर कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि बाप-बेटे ने रील बनाने के नाम पर नाबालिग लड़की की कुछ अश्लील तस्वीरें और वीडियो चुपके से बना लिए थे। उन्हीं तस्वीरों और वीडियो को दिखाकर उन्होंने ब्लैकमेलिंग शुरू की दी। कथित तौर पर यूट्यूबर ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि इसी दौरान लड़की ने शादी करने के नाम पर नाबालिग की मांग में सिंदूर लगा दिया। इसके बाद, उसने भी लड़की के साथ दुष्कर्म किया। आर-ोप है कि आरोपी ने पीड़िता को किसी को बताने पर उसकी गुप्त तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी। मामला सामने आने के बाद पीड़िता के परिवार ने पुलिस से संपर्क किया और हरोआ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई। उसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार की सुबह यूट्यूबर और उसके बेटे को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के परिवार ने दोनों आरोपियों के लिए कड़ी सजा की मांग की है।

## कोलकाता में कई राज्यों के पूर्व नौसैनिकों की समस्याओं का किया गया समाधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व नौसैनिक नाविक मंच (वीएसएफ), कोलकाता चार्टर की वार्षिक आम सभा (एजीएम) रविवार को यहां नौसेना बेस आईएनएस नेताजी सुभाष में आयोजित की गई। जिसमें असम, बिहार, बंगाल, झारखंड, सिक्किम, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा राज्यों के पूर्व नौसैनिकों और विधवाएं (सबल नारियों) ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन नौसेना के कमांड रेजिमेंटल सिस्टम आफिस (सीआरएसओ), उत्तर पूर्व के समन्वय में किया गया, जो बंगाल सहित 11 राज्यों के पूर्व नौसैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेदार है। पूर्व नौसैनिकों की पेंशन सहित अन्य समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन के दौरान पूर्व नौसैनिकों की समस्याओं को संभालने वाली विभिन्न एजेंसियों के लिए कई कियोस्क लगाए गए थे। जिसके माध्यम से कई राज्यों के पूर्व नौसैनिकों की शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया। एक बयान में बताया गया कि इस सम्मेलन में सबल नारियों सहित लगभग 650 पूर्व नौसैनिकों ने भाग लिया। सम्मेलन में नौसेना के प्रभारी अधिकारी (बंगाल) कमोडोर अजय यादव ने पूर्व नौसैनिकों और सबल नारियों का स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को नौसेना रेजिमेंटल सिस्टम संगठन द्वारा 11 राज्यों में पूर्व नौसैनिकों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों और पहलों की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करके और लगभग 12,600 पूर्व नौसैनिकों तक सूचना के त्वरित प्रसार हेतु प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु किए गए प्रयासों के लिए पूरी सीआरएसओ टीम की सराहना की।



### भाजपा को रोकने के लिए तृणमूल विधायक ने वाम-कांग्रेस को तृणमूल की छत्रछाया में आने का किया आह्वान

**मुर्शिदाबाद :** भाजपा को पश्चिम बंगाल की सत्ता में आने से रोकने के लिए अब राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने नया राजनीतिक समीकरण साधने की कोशिश शुरू की है। मुर्शिदाबाद जिला तृणमूल अध्यक्ष और कांदी के विधायक अपूर्व सरकार ने वाम दलों और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को ममता बनर्जी की छत्रछाया में आने का खुला निमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ लड़ने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। कांदी के विधायक अपूर्व सरकार ने मुर्शिदाबाद के बेलडांगा ब्लॉक में आयोजित तृणमूल के विजया सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस और वाम दल अब कभी भी राज्य में सत्ता में नहीं आ सकते। यह भविष्य स्पष्ट है। वे जो दो-चार प्रतिशत वोट पाते हैं, उससे सिर्फ भाजपा को फायदा होता है। सांप्रदायिक शक्तियों को लाभ न पहुंचाने के लिए उन्हें ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की छत्रछाया में आना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अगर कांग्रेस और वाम दल तृणमूल के साथ नहीं आते, तो उनके मिले वोट सीधे तौर पर भाजपा के खाते में जाते हैं।

## कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी का 141 वां गौ-कार्यकर्त्ता सम्मेलन संपन्न

❑ **गोपाष्टमी महोत्सव 2025 को ऐतिहासिक मेला बनाने के लिए गौभक्तों में प्रबल उत्साह**

**कोलकाता, समाज्ञा :** 141 वर्षों से गौसेवा को समर्पित देश की एकमात्र संस्था कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी ने इस बार आगामी 29 अक्टूबर को गोपाष्टमी मेले का आयोजन कर जन-जन को गौ सेवा और गोपूजा से जोड़ने का निर्णय लिया है। इसकी अग्रिम तैयारी की विवेचना हेतु शनिवार, 11 अक्टूबर को कोलकाता के विवेकानन्द रोड स्थित हरियाणा भवन में आयोजित गौ-कार्यकर्ता सम्मेलन में कोलकाता तथा हावड़ा क्षेत्र के सैकड़ों गौभक्तों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा सबने मिल कर इस वर्ष गोपाष्टमी पर्व पर कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर व दक्षिण 24 परगना और इनसे लगे इलाकों में सर्वत्र लगभग 135 गौ पूजन केंद्रों की स्थापना के प्रति अपना सहर्ष स्थान प्रदान किया है। सम्मेलन में महामंत्री पवन टीबडेवाला ने उपस्थित सभी गोभक्तों का स्वागत करते हुए बताया इन गौपूजन केंद्रों के आयोजन का उद्देश्य है कि गोपाष्टमी पर कोई भी गोभक्त गोपूजन से वंचित ना रहे। उन्होंने स्पष्ट रूप से नई युवा पीढ़ी एवं मातृशक्ति को गौ सेवा से जुड़ने का पुरजोर आव्हान किया एवं सोसाइटी की ओर से युवा कार्यकर्ताओं को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। गोपाष्टमी मेला संयोजक देवकीनंदन तोदी ने सबका अभिनंदन करते हुए मेले एवं गौपूजन केंद्रो की सभी को जानकारी देते हुए सभी केंद्र प्रभारियों से परिचय करवाया। दक्षिण प्रभारी बिमल मलावत ने अपने प्रभार के केंद्रों का परिचय देते हुए बताया कि इतना बड़ा गौ सेवा का महायज्ञ समाज के उदारमना दानदाताओं तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही संचालित हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी गौ सेवा का पर्याय बन चुकी है। उत्तर कोलकाता के प्रभारी राजकमल बांगड ने कहा कि उत्तर कोलकाता में इस वर्ष लगभग 60 गौपूजन केंद्रो का आयोजन हो रहा है एवं उनकी पूरी टीम इस कार्य में पूरी निष्ठा से लगी हुई है। हावड़ा से प्रभारी कमल गुप्ता ने अपने क्षेत्र के लगभग 31 केंद्रों की जानकारी दी। मध्य कोलकाता क्षेत्र के प्रभारी मनोज लुह-रीवाला ने भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने का आवाह्न किया। कल्याणी शाखा मंत्री सुरेंद्र प्रसाद पटवारी ने उपस्थित सभी गौभक्तों को गौपूजन केंद्रों के बाद गौशालाओं में सपरिवार पधारने का आमंत्रण दिया। मंच से देवकीनंदन तोदी ने सभी केंद्र प्रभारियों से एक जुट होकर ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ कर मेले की सफलता के लिए सभी को उत्साहित किया तथा अधिकाधिक संख्या में सोदपुर तथा लिलुआ मेले में आकर गोदर्शन तथा पूजन करने का आवाह्न किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए सोसाइटी के प्रचार सचिव सुरेंद्र चमडिया ने बताया कि जन-जन की भागेदारी के लिए सोसाइटी ने विविध गौ सेवा योजनाएं संचालित कर रखी हैं, जिनमे गोग्रास पात्र योजना, गौ सवामनी, गो चारा योजना, गौपूरी योजना, गोदान योजना, तुला दान योजना तथा वार्षिक गौसंरक्षण सेवा योजना प्रमुख हैं एवं उपरोक्त सभी प्रचलित योजनाओं की प्रचार सामग्री तथा अन्य विभिन्न प्रकार के समान सभी गौपूजन केंद्रो में बराबर भेजे जाते है। यह भी बताया गया कि विभिन्न स्थानों से गौभक्तों को सोदपुर मेले में लाने के जाने की निःशुल्क बसों की भी व्यवस्था की जाती है। इसके अलावा सम्मेलन में उपस्थित प्रभारियों को कुछ प्रचार सामग्रियां वहीं पर जाते समय दी गई। सम्मेलन में उपस्थित गौभक्तों में नारायण सरावगी, श्याम सुंदर बांगड़ , हर्षवर्धन डागा, अनुराग गुप्ता आदि ने सभी उपस्थित गौभक्तों को प्रोत्साहित कर गौ पूजन केंद्रों को अभूतपूर्व सफल बनाने एवं गौसेवा के लिए अधिकाधिक अनुदान एकत्रित करने पर बल दिया। मंचस्थ सभी पदाधिकारियों ने मेले की सफलता के लिए सोसाइटी की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रत्येक गौ भक्तों को अपनी दैनिक कार्य सूची में गौसेवा को एक प्रमुख स्थान देने पर जोर दिया। गोपाष्टमी मेले के प्रति उमड़े गौभक्तों के प्रबल उत्साह को देखकर इसे गौसेवा के प्रति एक शुभ संकेत बताया। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सुभाष अग्रवाल, गोपाल चंद्र शाह, महावीर बजाज, प्रदीप जयदेवका, सुरेश अग्रवाल, सुरेश गुप्ता,सुनील खेतान, दीपक अग्रवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, भागचंद मूंदड़ा, संजय चौधरी, ओमप्रकाश मिश्रा, सुशील चौधरी, अजय गुप्ता, गुलाब मूंदड़ा, जनार्दन अग्रवाल, जितेंद्र गुप्ता, प्रिंस अग्रवाल, शिवकुमार कल्याणी, संजय गुप्ता, उमाशंकर चमडिया, रवि बामलवा एवं सैकड़ों की तादाद में अनेकानेक गौभक्त उपस्थित रहे। अंत में पूरे मंच के आव्हान पर गोपाष्टमी महोत्सव 2025 को यादगार बनाने का शुभ संकल्प लेते हुए उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा गगनभेदी स्वर में किए गए ममतामई गौमाता का मुक्तकंठ जयघोष के साथ कार्यकर्ता सम्मेलन सुसंपन्न हुआ।




## वैध मतदाता का नाम हटा तो भाजपा नेताओं के घरों का करेंगे घेराव : सायंतिका बनर्जी

**बीरभूम :** तृणमूल कांग्रेस की विधायक व बंगाली अभिनेत्री सायंतिका बनर्जी ने एक बार फिर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। रविवार को बीरभूम जिले के रामपुरहाट में आयोजित विजया सम्मेलन के मंच से बोलते हुए उन्होंने भाजपा को खुली चुनौती दी। सायंतिका बनर्जी ने विवादित बयान देते हुए कहा कि अगर किसी क्षेत्र में किसी वैध मतदाता का नाम एसआईआर के बाद हटाया गया तो तृणमूल कार्यकर्ता वहां के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों का घेराव करेंगे। सायंतिका ने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा जानबूझकर लोगों के नाम सूची से हटवा रही है ताकि विपक्षी दलों के समर्थक मतदान न कर सकें। सायंतिका ने कहा कि अगर किसी भी इलाके में किसी वैध मतदाता का नाम हटाया गया है तो तृणमूल कार्यकर्ता चुप न रहें। भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों को घेर लें और उनसे जवाब मांगें। सायंतिका बनर्जी ने कहा कि राज्य में भाजपा अपनी मर्जी नहीं चला पाएगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस भाजपा के मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे। बंगाली भाषा विवाद का जिक्र करते हुए सायंतिका बनर्जी ने भाजपा पर तीखा बोला। उन्होंने कहा कि बंगाली बोलने वालों को भाजपा विदेशी बता रही है। हमें बांग्लादेशी बताया जा रहा है, लेकिन आगामी 2026 के चुनाव में जनता इन सबका जवाब देगी। एक बार फिर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से तृणमूल कांग्रेस की सरकार बनेगी। इसके साथ ही सायंतिका बनर्जी ने आमजन से आगामी चुनाव में एक बार फिर तृणमूल कांग्रेस को बहुमत देने की अपील की।




## सियालदह मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई और जागरूकता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वी रेलवे के सियालदह मंडल में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के तहत शनिवार को विभिन्न स्टेशनों और इकाइयों में सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान 1 से 31 अक्टूबर तक चल रहा है, जिसके तहत रेलवे परिसर को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। शनिवार को सियालदह मंडल के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग की ओर से कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें स्टेशनों के सभी शौचालय ब्लॉकों की गहन सफाई, चितपुर स्टेशन पर ट्रेनों - राधिकापुर एक्सप्रेस (13145) और गाजीपुर सिटी साप्ताहिक एक्सप्रेस (12131) - के शौचालयों की सफाई, तथा बी.आर. सिंह रेलवे अस्पताल और चितपुर हेल्थ यूनिट की सफाई शामिल थी। इसके अलावा, कोलकाता स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें यात्रियों को रेलवे ट्रैक और स्टेशन परिसर में गंदगी न फैलाने और खुले में शौच से बचने का संदेश दिया गया। कोलकाता, राणाघाट और नैहाटी स्टेशनों पर पर्यावरण संरक्षण पर आधारित जागरूकता अभियान चलाए गए। वहीं कोलकाता स्टेशन पर वेस्ट टू वेल्थ (कचरे से कमाई) विषय पर प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें अपशिष्ट प्रबंधन और पुनर्चक्रण के महत्व को दर्शाया गया। सियालदह मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ यह अभियान रेलवे की स्वच्छता और हरित पहल को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।



### ग्रामीण चिकित्सकों को सशक्त बनाने के लिए हाबरा में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए, अगरपारा कमरहाटी स्थित मेडेला कार्किनोस ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट (कार्किनोस हेल्थकेयर कोलकाता) ने प्रोग्रेसिव रूरल मेडिकल प्रैक्टिशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से हाबरा (उत्तर 24 परगना) में कैंसर जागरूकता एवं सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए 55 से अधिक ग्रामीण चिकित्सकों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण चिकित्सकों को उन्नत कैंसर उपचार और शीघ्र निदान के प्रति जागरूक करना तथा कैंसर से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। कर्किनोस हेल्थकेयर के पूर्वी निदेशक डॉ. अख्तर जावेद ने कहा कि कैंसर के मामलों में ग्रामीण इलाकों में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिससे नियमित जांच और शीघ्र पहचान की आवश्यकता और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण चिकित्सक ही स्वास्थ्य सेवा की पहली कड़ी हैं, जिन्हें सशक्त बनाकर जागरूकता की कमी को दूर किया जा सकता है। डॉ. सयोनी भांजा और डॉ. पलाश दे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने सटीक चिकित्सा, आणविक निदान और लक्षित उपचार की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम में कैंसर देखभाल में नई तकनीकों और सतत चिकित्सा शिक्षा के महत्व पर भी विशेष चर्चा हुई।



## न्यूज इन ब्रीफ

### गोरखपुर में लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से ढहा मकान, खेत में सोया परिवार

**गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) :** गोरखपुर में लोक निर्माण विभाग की कथित लापरवाही के कारण एक घर ढह गया, जिसके बाद 12 सदस्यों के एक परिवार को पास के एक खेत में रात बितानी पड़ी। घटना शनिवार शाम जगदीशपुर टोला इलाके में हुई, जहां पीडब्ल्यूडी मशीनों से सड़क चौड़ी करने और नाले की खुदाई का काम कर रहा था। मकान मालिक राम गोपाल गुप्ता ने कहा कि उन्होंने ठेकेदार और इंजीनियरों को अपने घर के पास भारी मशीनों का इस्तेमाल न करने की चेतावनी दी थी क्योंकि इससे कंपन हो रहा था। उन्होंने कहा, मैंने उनसे हाथ से खुदाई करने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने मेरी बात अनसुनी कर दी। कुछ ही क्षणों बाद, मेरे मकान का अगला हिस्सा गिर गया। महिलाओं और बच्चों समेत 12 लोगों का परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।

### बरेली में पुलिस पर पेट्रोल बम से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली (उप्र) :** बरेली पुलिस ने 26 सितंबर को शाहमत गंज में हिंसा के दौरान पुलिस टीम पर पेट्रोल बम से हमला करने के मुख्य आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान की अपील पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़की थी। पुलिस का कहना है कि इस दौरान आरिफ ने हिंसा में अहम भूमिका निभाई और उसके खिलाफ कई गंभीर आरोप दर्ज किए गए हैं। विवाद आई लव मुहम्मद लिखे पोस्टरों को लेकर शुरू हुआ था, जिसका कथित तौर पर सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के लिए इस्तेमाल किया गया था। बाद में दंगाइयों ने पथराव किया, गोलीबारी की, दुकानों में तोड़फोड़ की और पुलिस पर पेट्रोल से भरी बोतलें फेंकी, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

### अलीगढ़ में युवक की चाकू मारकर हत्या, मामले को लेकर बाजार बंद, आठ आरोपी गिरफ्तार

**अलीगढ़ (उप्र) :** अलीगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर जवां कस्बे में कथित तौर पर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार शनिवार की आधी रात जवां कस्बे के एक मोहल्ले में करन सिंह की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में मुख्य आरोपी अशद समेत आठ लोगों को आज गिरफ्तार कर लिया गया। आज सुबह से ही इलाके में तनाव व्याप्त हो गया क्योंकि महिलाओं समेत बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी राजमार्ग पर धरना देकर हत्या में शामिल सभी लोगों को तत्काल कड़ी सजा देने की मांग कर रहे थे। हालांकि, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत किया और यह कहकर उन्हें धरना समाप्त करने के लिए राजी किया कि सभी नामजद लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन पर कानून की कड़ी धाराओं के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है।

### भदोही में जेल में बंद बलात्कार के आरोपी पर लगाया गया रासुका

**भदोही (उप्र):** भदोही जिला प्रशासन ने आठ साल की एक आदिवासी बच्ची का कथित तौर पर अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने और उसे नदी किनारे फेंकने के आरोप में जेल में बंद एक व्यक्ति के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भदोही के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि मामले के आरोपी जौनपुर जिले के बरसठी थाना के राज कमल उर्फ़ करिया (25) पर रासुका लगाया गया है। घटना सुरियावां थाना क्षेत्र के एक आदिवासी टोले में हुई, जहां 11 जुलाई की रात बच्ची अपने दादा-दादी के साथ सो रही थी, तभी आरोपी उसे उठाकर ले गया। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने तलाश शुरू की और अगली सुबह बच्ची को भदोही-जौनपुर सीमा पर कुसा नदी के पास पाया। वह एक पेड़ के नीचे निर्वस्त्र और खून से लथपथ पाई गई, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। बाद में आरोपी की शिनाख्त राजकमल के रूप में हुई।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर प्रदेशभर में होंगे कार्यक्रम: योगी आदित्यनाथ




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश भर में 31 अक्टूबर को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने यहां अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, '' प्रदेश की हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय 8 से 10 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी, जो सभी विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।'' उन्होंने कहा कि पद यात्रा से पहले स्थानीय स्तर पर आम जनमानस में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसमें भारत की एकता और अखंडता में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान पर निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, उनके जीवन पर आधारित संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आदि होंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा युवाओं के लिए नशा मुक्त भारत शपथ ग्रहण कार्यक्रम, विभिन्न क्षेत्रों में 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल फॉर ग्लोबल' अभियान का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि इस मौके पर योग और स्वास्थ्य से संबंधित शिविर भी लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पद यात्रा के दौरान स्थानीय कमेटियों, विभिन्न समाजसेवी संगठनों, सांस्कृतिक संगठनों द्वारा सरदार साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण-श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस समारोह का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता में सरदार पटेल के योगदान पर प्रकाश डालना है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि यह पहल पटेल की उस विरासत को स्मरण करने के लिए है, जिसमें उन्होंने आधुनिक भारत के शिल्पकार के रूप में स्वतंत्रता के बाद 560 से अधिक रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराने में निर्णायक भूमिका निभाई थी।

### अविरल-निर्मल गोमती के लिए मुख्यमंत्री ने की 'गोमती पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'स्वच्छ, अविरल और निर्मल गोमती' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और जीवनधारा की प्रतीक है। बयान के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोमती का पुनर्जीवन केवल जल शुद्धिकरण का नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के पुनर्संवर्धन का व्यापक अभियान है। यह मिशन पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी साझा प्रतिज्ञा का प्रतीक बनेगा। टेरिटोरियल आर्मी की पहल पर आयोजित एक बैठक में मेजर जनरल सलिल सेठ, ब्रिगेडियर नवतेज सिंह सोहल, ब्रिगेडियर सी. माधवाल, कर्नल अरविन्द एस. प्रसाद, ले. कर्नल सचिन राणा, ले.कर्नल सौरभ मेहरोत्रा, मेजर के.एस. नेगी, प्रो. (डॉ.) वेंकटेश दत्ता, ले. कर्नल हेम लोहुमी, एस.एम. (सेवानिवृत्त) के साथ-साथ शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### झारखंड में आईईडी विस्फोट में शहीद सीआरपीएफ जवान का असम स्थित पैतृक गांव में अंतिम संस्कार



**नागांव :** झारखंड में आईईडी विस्फोट में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर का अंतिम संस्कार असम के नागांव जिला स्थित उनके पैतृक गांव में रविवार को किया गया। 'परिष्कृत विस्फोटक उपकरण' (आईईडी) का इस्तेमाल बम के रूप में किया जाता है। सीआरपीएफ अधिकारियों ने आज दिन में ही लस्कर के पार्थिव शरीर को कामपुर क्षेत्र के कुवारीआती गांव में उनके परिजन को सौंप दिया। पार्थिव शरीर को यहां लाए जाने के बाद बीच गांव में मातम का माहौल था और लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए कतारों में खड़े थे। विधायक जीतू गोस्वामी और शशिकांत दास, नागांव जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) स्वप्ननील डेका और सीआरपीएफ के महानिरीक्षक वीरेंद्र कुमार सहित अन्य लोग अंतिम संस्कार के समय मौजूद रहे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''झारखंड में कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले नागांव निवासी सीआरपीएफ के बहादुर एचसी/जीडी महेंद्र लस्कर के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

## मुख्यमंत्री योगी एक घुसपैठिये हैं, उत्तराखंड वापस भेजा जाना चाहिए : अखिलेश



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना घुसपैठिए से करते हुए कहा कि वह उत्तराखंड से हैं और उन्हें राज्य वापस भेज दिया जाना चाहिए। यादव ने समाजवाद के प्रणेता राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को लखनऊ के लोहिया पार्क में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा के पास झूठे आंकड़े हैं। उन्होंने कहा, अगर उनके आंकड़ों पर भरोसा किया जाए, तो आदमी भटक जाएगा। यादव ने दावा किया, जो लोग पलायन के आंकड़े दे रहे हैं... हमारे उत्तर प्रदेश में भी घुसपैठिए हैं। मुख्यमंत्री उत्तराखंड से हैं। हम चाहते हैं कि उन्हें उत्तराखंड भेजा जाए। वह अकेले घुसपैठिए नहीं हैं, बल्कि विचारधारा के लिहाज से भी घुसपैठिए हैं। वह (आदित्यनाथ) भाजपा के सदस्य नहीं थे, बल्कि किसी और पार्टी के सदस्य थे। तो, इन घुसपैठियों को कब हटाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में यह दावा किया था कि कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को वोट बैंक की तरह मानते हैं। उन्होंने सवाल उठाया था कि गुजरात और राजस्थान की सीमाओं पर घुसपैठ क्यों नहीं होती। इस लिहाज से यादव की टिप्पणी महत्वपूर्ण है। शाह ने यह टिप्पणी शुक्रवार को दैनिक जागरण के पूर्व प्रधान संपादक नरेंद्र मोहन की स्मृति में 'घुसपैठ, जनसांख्यिकीय परिवर्तन और लोकतंत्र' विषय पर एक व्याख्यान देते हुए की। इस बीच, अखिलेश यादव की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि वह जल्द ही इस मुद्दे पर बयान देंगे।

### लखनऊ में किशोरी से सामूहिक बलात्कार की घटना अत्यंत दुखद व शर्मनाक : मायावती



**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने लखनऊ जिले में एक नाबालिग किशोरी से सामूहिक बलात्कार को रविवार को शर्मनाक बताया। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राजधानी लखनऊ में किशोरी से सामूहिक बलात्कार की घटना अत्यंत दुखद व शर्मनाक है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में महिलाओं के उत्पीड़न , दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। सरकार को इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है। मायावती ने कहा कि महिलाओं का सम्मान दूर की बात है, पहले उनकी सुरक्षा अत्यंत जरूरी है। पुलिस के अनुसार लखनऊ में शनिवार को 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा से पांच लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। कृष्णा नगर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विकास कुमार पांडेय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, छात्रा और उसका परिचित एक पेट्रोल पंप के पास आम के बाग में बात करने के लिए रुके थे, तभी पांच अज्ञात लोग उनके पास आए। आरोपियों ने छात्रा के परिचित को भगा दिया और किशोरी से दुष्कर्म किया। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस ने कथित बलात्कार के सिलसिले में 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि दो अन्य लोग गांव में एक चौकी से भाग निकले, जहां पुलिस दल तैनात था, जबकि उनमें से एक के पैर में गोली लगी है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## अवैध हथियार गतिविधियों में शामिल बंबीहा गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार : पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़:** अवैध हथियार गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके कब्जे से छह पिस्तौल बरामद की गई हैं। पंजाब पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि संदीप सिंह और शेखर बंबीहा गिरोह के सहयोगी हैं। यादव ने बताया कि संदीप राजस्थान के हनुमानगढ़ का रहने वाला है और शेखर हरियाणा के कैथल का रहने वाला है। गैंगस्टर रोधी कार्य बल (एजीटीएफ) और बरनाला पुलिस के एक संयुक्त अभियान में दोनों को पकड़ा गया। यादव ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से कुल छह पिस्तौल (एक पीएक्स5, .32 बोर की चार पिस्तौल, और 0.30 बोर की एक पिस्तौल) और 19 कारतूस बरामद किए गए हैं।' यादव ने बताया कि पुलिस टीम ने एक कार भी जब्त की है, जिसका उपयोग आरोपी हथियारों की आपूर्ति करने के लिए कर रहे थे। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि आरोपी विदेशी आकाओं के निर्देश पर बंबीहा गिरोह के गुर्गों को इन हथियारों की आपूर्ति करने की योजना बना रहे थे, ताकि वे राज्य में सनसनीखेज अपराधों को अंजाम दे सकें। उन्होंने बताया कि हथियारों की आपूर्ति श्रृंखला की पहचान करने और उसे समाप्त करने के लिए मामले की जांच जारी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, एजीटीएफ, प्रमोद बान ने बताया कि पुलिस टीम को बंबीहा गिरोह के संचालकों द्वारा राज्य में सनसनीखेज अपराध करने की साजिश रचने के बारे में विशेष जानकारी मिली थी। उन्होंने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए एजीटीएफ पंजाब की टीम ने बरनाला-बठिंडा मुख्य मार्ग से गांव धौला में दोनों संदिग्धों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास है और उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामला दर्ज है।

### लेखा शिक्षा और अनुसंधान एक-दूसरे के पूरक है: बागडे



**जयपुर :** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को कहा कि लेखा शिक्षा और अनुसंधान एक-दूसरे के पूरक हैं और अनुसंधान के माध्यम से प्राप्त नवीन तथ्यों व ज्ञान को शिक्षा में समाहित करने से शैक्षिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। बागडे ने उदयपुर में आयोजित दो दिवसीय 'ऑल इंडिया अकाउंटिंग कॉन्फ्रेंस एंड इंटरनेशनल सेमिनार' की शुरुआत के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थान केवल ज्ञान के केंद्र नहीं, बल्कि वे ऐसे संस्कार मंदिर हैं, जहां भावी पीढ़ी में कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता व मानवीय मूल्यों का बीजारोपण किया जाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार राज्यपाल ने कहा कि समय का ऑडिट करना भी आवश्यक है और समय का सर्वोत्तम उपयोग ही जीवन की सफलता का आधार बनता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने शब्दों और वाणी को अपनी सबसे बड़ी संपत्ति समझें, क्योंकि उनका प्रभाव गहरा व दीर्घकालिक होता है। उन्होंने प्राचीन भारतीय चिंतन परंपरा का उल्लेख करते हुए कौटिल्य के अर्थशास्त्र को रेखांकित किया और कहा कि राजकीय कोष एवं व्यय प्रणाली में पारदर्शिता, राष्ट्रहित व नैतिक मूल्यों को आधार बनाकर लेखा कार्य किया जाना चाहिए।

## गोरखपुर में चलती एम्बुलेंस में आग लगी, सीएनजी टैंक में विस्फोट के बाद मची अफरा-तफरी



**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर-कुशीनगर फोरलेन पर सोनबरसा ओवरब्रिज पर रविवार को एक चलती एम्बुलेंस में आग लग गई, जिसके बाद सीएनजी टैंक में विस्फोट होने से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, एम्बुलेंस के एयर कंडीशनर में 'शॉर्ट सर्किट' के कारण आग लगी, जिससे पूरी एम्बुलेंस आग की चपेट में आ गई, जिसके कुछ देर बाद सीएनजी टैंक में विस्फोट हो गया। घटना के कारण राजमार्ग पर करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर करीब तीन बजे हुई, जब वाराणसी के निवासी ड्राइवर संतोष कुमार की एम्बुलेंस में बिहार के चंपारन की निवासी मरीज नीलम देवी को अस्पताल से घर ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार सोनबरसा ओवरब्रिज के पास एसी यूनिट से चिंगारियां निकलने लगीं और देखते ही देखते वाहन में आग लग गई। पुलिस ने कहा कि चालक ने तुरंत वाहन रोका और स्थानीय लोगों की मदद से मरीज व दो अन्य को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस ने बताया कि इसके बाद एम्बुलेंस का सीएनजी टैंक फट गया, विस्फोट के कारण आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और यातायात प्रभावित हुआ। एम्स थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा के नेतृत्व में दमकल की दो गाड़ियां और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसके बाद वाहन को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिनव त्यागी ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और मरीज़ व उसके परिजन किसी दूसरे वाहन से रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण एसी में शॉर्ट सर्किट होना पाया गया है।

### भाजपा नेता सतीश पूनिया की किताब का विमोचन, जुटे कई दिग्गज नेता

**जयपुर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने शनिवार को कहा कि राज्य में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार की नींव सतीश पूनिया ने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष के रूप में अपने जमीनी संघर्षों के माध्यम से रखी। राठौड़ यहां पूनिया की पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। पूनिया के राजनीतिक संघर्ष आदि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे कहने में संकोच नहीं है कि राजनीतिक मुद्दों को पकड़ना और ढूंढना एवं उसे जनता का मुद्दा बना देना... यह खूबी मैंने सतीश पूनिया के व्यक्तित्व में देखी। आज हमारी सरकार की बुनियाद वे सारे मुद्दे जिन्हें आपने सड़क पर संघर्ष कर जन मुद्दे बना दिए। आज उसी के कारण हमारी भजनलाल जी की सरकार का जन्म हुआ।'

## न्यूज अपडेट

### विंध्य-बुंदेलखंड में 15 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा तक हर घर नल से जल का संकल्प: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि विंध्य-बुंदेलखंड में 15 दिसंबर तक हर घर नल से जल का संकल्प पूरा हो जाएगा। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री रविवार को 'जल जीवन मिशन-हर घर नल योजना' की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में नमामि गंगे, ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, जल निगम और विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में जल जीवन मिशन का कार्य कर रहीं विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रही। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र के हर घर में नल से शुद्ध जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 15 दिसंबर 2025 तक की समय सीमा तय की है। उन्होंने कहा है कि तबतक न केवल नल कनेक्शन लगाया जाना है, बल्कि 'थर्ड पार्टी ऑडिट' भी करा लिया जाए। उन्होंने अन्य परियोजनाओं को भी 15 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। फिलहाल 75 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुके कार्य का समापन मार्च 2026 तक कराने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री का मानना है कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह योजना केवल पेयजल आपूर्ति का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-स्वास्थ्य, महिलाओं की गरिमा और ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता से सीधा जुड़ा मिशन है। योगी ने कहा कि योजनाओं की समयसीमा और गुणवत्ता, दोनों पर किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं होगा तथा कहीं भी किसी भी स्तर पर धनराशि की कमी नहीं होने दी जाएगी।

### राजद के दो विधायकों ने बिहार विधानसभा से दिया इस्तीफा, जदयू में शामिल होने की अटकलें

पटना, 12 अक्टूबर (भाषा) बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के दो विधायकों-- विभा देवी और प्रकाश वीर ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। दोनों नेताओं के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में शामिल होने की संभावना जतायी जा रही है। विभा देवी नवादा विधानसभा क्षेत्र की विधायक थीं, जबकि प्रकाश वीर आरक्षित सीट राजौली से दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए थे। विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों ने बताया कि दोनों विधायकों ने रविवार को विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव को अपना इस्तीफा सौंपा। अध्यक्ष ने उनके इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं। राजद के ये दोनों नाराज विधायक 22 अगस्त को गयाजी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में पहुंचे थे, जिसके बाद से उनके सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) खेमे में जाने की अटकलें तेज हो गई थीं। विभा देवी के पति और पूर्व विधायक राज बल्लभ यादव हाल में पटना उच्च न्यायालय से 'पॉक्सो' मामले में बरी होने के बाद जेल से बाहर आए हैं। यादव का नवादा जिले में काफी राजनीतिक प्रभाव है। वह कथित तौर पर तब नाराज हो गए थे जब पिछले लोकसभा चुनाव में राजद ने उनके परिवार के किसी सदस्य को टिकट नहीं दिया। उनके भाई बिनोद यादव ने तब राजद छोड़कर नवादा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। प्रकाश वीर के बारे में कहा जा रहा है कि हाल के दिनों में उनकी पार्टी के नेता और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के पुत्र तेजस्वी यादव से अनबन चल रही थी।

### मोदी और नीतीश की सरकारों ने सूचना का अधिकार कानून को कुचल दिया : कांग्रेस

**पटना :** कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी और बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून की आत्मा को कुचल दिया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि आरटीआई कानून नागरिकों के संवैधानिक सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम था, जिसे संगठित रूप से पंगु बनाया जा रहा है। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दुबे ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर सोनिया गांधी के नेतृत्व में पारित हुआ था। उन्होंने कहा कि यह कानून नागरिकों को सरकारी तंत्र से जवाब मांगने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की ताकत देता है। दुबे ने कहा कि आरटीआई के माध्यम से देश के लाखों नागरिकों ने अपने हक जैसे राशन, पेंशन, मजदूरी, छात्रवृत्ति और योजनाओं का लाभ हासिल किया लेकिन पिछले एक दशक में, खासतौर पर मोदी-नीतीश सरकार के दौरान, इस कानून के प्रभाव को खत्म करने की कोशिश की गई है। अभय दुबे ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने अपने अधिकार-आधारित एजेंडे के तहत कई ऐतिहासिक कानून लागू किए, जिनमें मनरेगा (2005), वन अधिकार अधिनियम (2006), शिक्षा का अधिकार (2009), भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवज़ा कानून (2013) और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (2013) शामिल हैं।

### प्रवासी भारतीयों ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए 'चढ़दी कलां' अभियान को समर्थन का आश्वासन दिया: मान



**चंडीगढ़:** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के प्रवासी भारतीयों ने पंजाब सरकार के 'मिशन चढ़दी कलां' को पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के प्रवासी भारतीयों के साथ डिजिटल रूप से एक बैठक के दौरान कहा कि उन्होंने (प्रवासी भारतीयों ने) कड़ी मेहनत और समर्पण के माध्यम से इन देशों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है लेकिन अपनी मातृभूमि को कभी नहीं भुलाया। मान के हवाले से एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि प्रवासी भारतीयों ने हमेशा अपने गांवों और शहरों के विकास, खेलों को बढ़ावा देने और यहां तक कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मान ने कहा कि 'मिशन चढ़दी कलां' का उद्देश्य पंजाब के राहत एवं पुनर्वास प्रयासों के लिए वैश्विक समर्थन जुटाना है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आई बाढ़ से जूझ रहे राज्य के पुनर्निर्माण कार्य में प्रवासी भारतीय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मान ने प्रवासी भारतीयों को बताया कि राज्य में हाल ही में इतनी भीषण बाढ़ आई है, जो पीढ़ियों तक लोगों को याद रहेगी।

### भाजपा लगातार आरटीआई कानून में संशोधन कर उसे कमजोर कर रही: भूपेंद्र हुड्डा



**चंडीगढ़ :** कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम आम नागरिकों को सशक्त बनाने का एक शक्तिशाली जरिया है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस कानून को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरटीआई अधिनियम के क्रियान्वयन की 20वीं वर्षगांठ पर जारी एक बयान में कहा कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार और सोनिया गांधी की दूरदर्शिता ने 12 अक्टूबर 2005 को इस कानून को लागू कर देश में पारदर्शिता और जवाबदेही की एक नयी मिसाल कायम की थी। हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया, हालांकि, भाजपा ने सत्ता में आने के बाद लगातार इस कानून में संशोधन कर इसे कमजोर किया और आम नागरिकों को इस शक्तिशाली अधिकार से वंचित किया जा रहा है। हुड्डा ने कहा कि यह कानून संप्रग के एजेंडे का हिस्सा था, जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, शिक्षा का अधिकार, वन अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे जन कल्याणकारी उपाय शामिल थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया, आरटीआई ने आम लोगों, खासकर समाज के सबसे कमजोर वर्गों को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार दिया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद दिल्ली पहुंचीं

**नयी दिल्ली :** कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद रविवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचीं। वह सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ वार्ता करेंगी। इस दौरान व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक सहयोग की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा होने की उम्मीद है। मई में विदेश मंत्री का पदभार संभालने के बाद यह आनंद की पहली भारत यात्रा है। अनीता आनंद द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के तौर-तरीकों पर चर्चा करने के लिए वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से भी मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आनंद की इस यात्रा से आर्थिक सहयोग तथा संबंधों को और मजबूत करके भारत-कनाडा संबंधों में सकारात्मक गति बनाने में मदद मिलेगी। आनंद की तीन देशों की यात्रा में भारत उनका पहला पड़ाव होगा। इस यात्रा के दौरान वह सिंगापुर और चीन भी जाएंगी।

### सिक्किम में सभी वाहनों को पशुओं के प्रति दयालु बनें स्टिकर लगाने का निर्देश

**गंगटोक :** सिक्किम में पंजीकृत सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों को पशुओं के प्रति दयालु बनें का नारा प्रमुखता से प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। परिवहन विभाग की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह निर्देश केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के एक राष्ट्रीय परिपत्र के अनुपालन में इस सप्ताह की शुरुआत में जारी किया गया था। परिवहन सचिव व आयुक्त प्रभाकर ने कहा कि परिवहन विभाग की अधिसूचना का उद्देश्य भारत के संविधान के अनुच्छेद 51ए(जी) में निहित मौलिक कर्तव्य का अनुपालन सुनिश्चित करना है, जिसमें जीवित प्राणियों के प्रति दया दिखाने का आदेश दिया गया है। अधिसूचना में नए नारे पशुओं के प्रति दयालु बनें के प्रदर्शन के लिए सख्त अनुपालन मानकों की रूपरेखा दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि इसे प्रत्येक सार्वजनिक परिवहन वाहन पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

### प्रधानमंत्री मोदी 15 अक्टूबर को बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के साथ एक संवाद सत्र के साथ बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह 15 अक्टूबर को 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' पहल के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगे। मोदी ने कहा, ''बिहार में भाजपा-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत सुनिश्चित करने के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ काम कर रहे हैं। मुझे 15 अक्टूबर को ऐसे ही कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा।''

### गुजरात में 'आप' की किसान रैली में हिंसा, तीन पुलिसकर्मी घायल

**बोटाद (गुजरात) :** बोटाद जिले में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा किसानों के लिए आयोजित 'महापंचायत' के दौरान पुलिस पर पथराव किया गया, जिसके बाद पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने दावा किया कि हड्डाद गांव में रैली आयोजित करने के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने कहा, ''महापंचायत अवैध रूप से आयोजित की गई थी। ये लोग थोक मंडी को नुकसान पहुंचाने के इरादे से गांव में इकट्ठा हुए थे। जब पुलिस ने उन्हें वहां से जाने के लिए कहा, तो उन्होंने हम पर पथराव किया, जिससे एक पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।'' उन्होंने कहा कि पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। शर्मा ने कहा, ''तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लगभग 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है, लेकिन पुलिस द्वारा तलाश अभियान चलाए जाने के कारण ये संख्या बढ़ सकती है।''

# असम की कुल आबादी में हिंदुओं की संख्या अब लगभग 40 प्रतिशत रह गई: हिमंत शर्मा




**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को दावा किया कि असम में हिंदुओं की संख्या अब राज्य की आबादी का लगभग 40 प्रतिशत रह गई है, जो राज्य में मुसलमानों की आबादी के लगभग बराबर है। शर्मा ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि राज्य की जनसंख्या संरचना में तीव्र बदलाव आया है। उन्होंने केंद्र के प्रस्तावित जनसांख्यिकी मिशन को इस मुद्दे के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। शर्मा ने कहा, ''असम जनसांख्यिकीय परिवर्तन का एक बड़ा शिकार रहा है। वर्ष 2021 में, मुस्लिम आबादी 38 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर गई और जैसा कि हम बता रहे हैं, यह राज्य की आबादी का लगभग 39.5 प्रतिशत है।''

### असम सीआईडी को जुबिन गर्ग मौत मामले की जांच में अब एक 'निश्चित पहलू' मिल गया है

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि विसरा रिपोर्ट मिलने के बाद अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में अब एक ''निश्चित पहलू'' मिल गया है। शर्मा ने कहा कि कथित तौर पर गर्ग के अंतिम क्षणों के चश्मदीद चार और असमी प्रवासी सोमवार को गुवाहाटी पहुंचेंगे और अपने बयान दर्ज कराने के लिए सीआईडी के सामने पेश होंगे। मुख्यमंत्री ने 'फेसबुक लाइव' सत्र में कहा, ''दिल्ली स्थित केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला (सीएफएल) ने हमें विसरा रिपोर्ट दे दी है। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि अब सीआईडी को मामले में एक निश्चित पहलू मिल गया है। कुछ ही दिनों में जुबिन गर्ग (मौत मामले) का पूरा घटनाक्रम अदालत के सामने पेश किया जायेगा।''

### राजमाता सिंधिया के समाज सेवा के प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संस्थापक सदस्य राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''समाज सेवा के उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने जनसंघ और भाजपा को मजबूत करने में महत्व-पूर्ण भूमिका निभाई।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''विजयाराजे सिंधिया जी हमारी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति गहरी आस्था रखती थीं और उनकी रक्षा करने के साथ-साथ उन्हें लोकप्रिय बनाने के लिए हमेशा काम करती थीं।'' ग्वालियर की राजमाता के नाम से जानी जाने वाली सिंधिया का जन्म 12 अक्टूबर 1919 को मध्य प्रदेश के सागर में हुआ था। लोकसभा की सात बार सदस्य रहीं सिंधिया ने 25 जनवरी 2001 को अंतिम सांस ली थी।

## महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव: फडणवीस ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा, जहां भी संभव हो गठबंधन करें

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा है कि आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए जहां भी संभव हो गठबंधन करें और जहां यह संभव न हो, वहां दोस्ताना मुकाबला सुनिश्चित करें। फडणवीस ने एक समीक्षा बैठक के दौरान कोंकण क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा, ''अगर गठबंधन नहीं भी होता है, तो सहयोगी दलों के उम्मीदवारों की कोई तीखी आलोचना नहीं होनी चाहिए।'' भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन में एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने अब तक स्थानीय निकायों और नगर निगमों के बहुप्रतीक्षित चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है।

### नेपाल की जेलों में बंद 540 भारतीय नागरिक जेन जेड विरोध प्रदर्शनों के बाद से फरार

**काठमांडू :** नेपाल में विभिन्न जेलों में सजा काट रहे लगभग 540 भारतीय कैदी जेन जेड विरोध प्रदर्शनों के बाद से फरार हैं। जेल प्रबंधन विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। नेपाल में नौ सितंबर को सरकार विरोधी जेन जेड विरोध प्रदर्शनों के दूसरे दिन देश की विभिन्न जेलों से 13,000 से अधिक कैदी फरार हो गए थे। आंकड़ों से पता चला है कि विभिन्न अपराधों में दोषी ठहराए गए कम से कम 5,000 नेपाली नागरिक अब भी फरार हैं, इसके अलावा 540 भारतीय नागरिक और अन्य देशों के 108 कैदी भी फरार हैं। नेपाल की सरकार ने देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित जेलों से फरार कैदियों पर नजर रखने के लिए पूरे देश में अलर्ट जारी किया है। देश के गृह मंत्रालय ने भी फरार कैदियों को अपनी-अपनी जेलों में रिपोर्ट करने के लिए नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने 28 सितंबर को बताया कि सुरक्षा बलों के साथ झड़प में दस कैदियों की मौत हो गई, जबकि जेन जेड विरोध प्रदर्शनों के दौरान नेपाल की विभिन्न जेलों से भागे 7,735 कैदी या तो वापस लौट आए हैं या उन्हें उनके संबंधित हिरासत केंद्रों में वापस लाया गया है। जेन जेड समूह के बैनर तले हजारों युवाओं ने आठ और नौ सितंबर को काठमांडू में सरकार विरोधी प्रदर्शन किए थे, जिसमें 76 लोग मारे गए थे।

### सिक्किम: एनएच-10 पर सिलीगुड़ी से रंगपो के बीच 13 से 16 अक्टूबर तक यातायात रहेगा बंद

**गंगटोक :** राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-10 का एक प्रमुख हिस्से ढह जाने के बाद इस खंड पर पश्चिम बंगाल के कोरोनेशन ब्रिज और रंगपो (सिक्किम में स्थित) के बीच यातायात पूरी तरह से बंद करने की घोषणा की। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, 52 किलोमीटर लंबे प्रभावित हिस्से पर 13 अक्टूबर को दोपहर एक बजे से 16 अक्टूबर को शाम छह बजे तक या अगली सूचना तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। आदेश में बताया गया कि वाहनों और यात्रियों की सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया।

## माझी ने पश्चिम बंगाल में सामूहिक बलात्कार पीड़िता के पिता से बात की, सहयोग का आश्वासन दिया

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में 'सामूहिक बलात्कार' का शिकार हुई मेडिकल छात्रा के पिता से फोन पर बात की और उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। ओडिशा की एक मेडिकल छात्रा के साथ पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। यह घटना शुक्रवार रात दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर उस समय हुई जब द्वितीय वर्ष की छात्रा अपने एक दोस्त के साथ भोजन करने के लिए बाहर गई थी। पश्चिम बंगाल पुलिस ने इस मामले में रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया। माझी ने दुर्गापुर में मौजूद पीड़िता के पिता से शनिवार रात बात की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की एक विज्ञप्ति में माझी के हवाले से कहा गया, ''आपकी बेटी के बारे में जानकर मुझे बेहद दुख हुआ। मैं उस पिता की मानसिक स्थिति को समझ सकता हूं जिसकी बेटी से सामूहिक बलात्कार हुआ हो। इस मुश्किल घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह आपके साथ है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस समय इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि पीड़िता शीघ्र स्वस्थ हो जाए और सामान्य जीवन जीने की स्थिति में आ सके। माझी ने पीड़िता के पिता से कहा कि उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का आग्रह किया है।

## बिहार में विपक्षी महागठबंधन अगले कुछ दिनों में सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे सकता है

**नयी दिल्ली :** बिहार में विपक्षी महागठबंधन अगले कुछ दिनों में सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे सकता है और संयुक्त घोषणापत्र के साथ अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकता है। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के बीच बातचीत जारी है और सोमवार को उनके शीर्ष नेताओं की बैठक हो सकती है, क्योंकि राजद प्रमुख लालू प्रसाद और पार्टी नेता तेजस्वी यादव राष्ट्रीय राजधानी में हैं। सीट बंटवारे के बारे में पूछे जाने पर लालू प्रसाद ने कहा कि गठबंधन के सहयोगियों के बीच बातचीत हो रही है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''गठबंधन की बैठक हो रही है। बातचीत जारी है।'' हालांकि, उनके बेटे तेजस्वी यादव ने कहा, ''हम यहां इसलिए आए हैं क्योंकि अदालत में हमें पेश होना है।'' उन्होंने इस बारे में और कुछ नहीं बताया। राजद प्रमुख और उनके परिवार के सदस्यों के सोमवार को नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित एक मामले में यहां की एक अदालत में पेश होने की संभावना है। लालू और तेजस्वी की हवाई अड्डे पर कांग्रेस के कुछ नेताओं ने अगवानी की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ''कांग्रेस अध्यक्ष बिहार में सभी गठबंधन सहयोगियों से बात कर रहे हैं और उन कुछ सीट पर उम्मीदवारों के चयन के लिए अंतिम चर्चा जारी है, जहां कांग्रेस और कुछ अन्य दल अपनी स्थिति मजबूत मानते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष पिछले दो दिन से बिहार में सभी नेताओं से बात कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस के नेतृत्व के बीच भी बातचीत जारी है और दोनों मुख्य दलों के नेता सोमवार तक मुलाकात भी कर सकते हैं। सीट बंटवारे की घोषणा में देरी पर रमेश ने कहा, ''हमें 'महागठबंधन' में कुछ नये सहयोगियों को शामिल करना होगा और सीट बंटवारे में भी उन्हें समायोजित करना होगा।'' उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि अगले दो-तीन दिन में सभी सीट पर अंतिम फैसला हो जायेगा और इसकी घो-षणा कर दी जाएगी।'' इस बार कांग्रेस कितनी सीट पर चुनाव लड़ेगी, इस बारे में पूछे जाने पर रमेश ने कहा, ''50 से 100 के बीच में।''

## सीआरपीएफ की छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कर्रेगुट्टा पहाड़ियों पर प्रशिक्षण स्कूल शुरू करने की योजना

**नयी दिल्ली/बीजापुर :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित बीहड़ कर्रेगुट्टा पहाड़ियों पर जवानों के लिए एक कमांडो प्रशिक्षण स्कूल स्थापित करने की योजना बना रहा है। अब तक के सबसे बड़े नक्सल रोधी अभियानों में से एक का यहां पर संचालन किया गया था जिसमें इस साल अप्रैल और मई के बीच 31 माओवादी मारे गए थे। आधिकारिक सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि लगभग 60 किलोमीटर लंबे, 5-20 किलोमीटर चौड़े इस भूभाग पर उपयुक्त स्थान खोजने के लिए एक सर्वेक्षण किया जा रहा है, जहां गुफाएं और बंकरों के अलावा मधुमक्खियां, चमगादड़, भालू और विभिन्न प्रकार के कीड़े-मकोड़े भी पाए जाते हैं। सीआरपीएफ, इसकी जंगल युद्ध कमांडो इकाई कोबरा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने कोरगोटालू पहाड़ी (केजीएच) में तीन सप्ताह तक 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' चलाया, जिसे कर्रेगुट्टा पहाड़ी के नाम से भी जाना जाता है। इसमें अप्रैल और मई के बीच 31 माओवादियों को मार गिराया गया और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया। इस अभियान को माओवादियों के खिलाफ ''अब तक का सबसे बड़ा अभियान'' बताया गया और यह मार्च 2026 तक देश से वाम उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को समाप्त करने की केंद्र सरकार की घोषणा का हिस्सा था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''केजीएच अभियान के समापन के बाद, पहाड़ी पर लगाये गए आईईडी और बमों को निष्क्रिय करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया।'' अधिकारी ने कहा, ''यह कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब यहां सीआरपीएफ द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण स्कूल स्थापित करने की योजना बनायी जा रही है।'' उन्होंने कहा, ''उग्रवाद का इतिहास बताता है कि एक बार जब आप जीत की घोषणा कर देते हैं, तो आपको सुरक्षा बलों के माध्यम से क्षेत्र पर नियंत्रण बनाए रखना होता है, अन्यथा उग्रवादी या अलग हुए कैडर केजीएच की तरह फिर से संगठित हो सकते हैं।''

## देश में एक लाख से अधिक एकल-शिक्षक स्कूल 33 लाख से ज्यादा छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं: आंकड़े

**नयी दिल्ली :** देश भर में 33 लाख से ज्यादा छात्र एकल-शिक्षक वाले एक लाख से अधिक स्कूलों में नामांकित हैं और आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे अधिक है, जबकि इनमें से उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक छात्रों का नामांकन है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी है। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में, देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे थे जिनका संचालन एकल शिक्षक द्वारा किया जाता था, और ऐसे स्कूलों में 33,76,769 छात्र नामांकित थे। यानी, औसतन प्रत्येक स्कूल में करीब 34 छात्र थे। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009



प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) पर 30:1 और उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) पर 35:1 का छात्र-शिक्षक अनुपात अनिवार्य करता है। देश में सबसे अधिक 'एकल-शिक्षक' वाले स्कूल आंध्र प्रदेश में हैं, इसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, एकल शिक्षक वाले स्कूलों में छात्रों के नामांकन के मामले में उत्तर प्रदेश इस सूची में शीर्ष पर है। उसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश का स्थान है। एकल शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या 2022-23 के 1,18,190 से घटकर 2023-24 में 1,10,971 हो गई, जो लगभग छह प्रतिशत की गिरावट है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''सरकार स्कूलों के विलय और स्कूलों के एकीकरण, जिसे अक्सर 'स्कूलों का युक्तिकरण' कहा जाता है, के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम संभव उपयोग सुनिश्चित करने पर काम कर रही है।'' अधिकारी ने कहा, ''एकल शिक्षक वाले स्कूल शिक्षण प्रक्रिया को बाधित करते हैं और इसलिए शिक्षकों की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शून्य छात्र नामांकन वाले स्कूलों से एकल शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों को फिर से तैनात करने के प्रयास किए जा रहे हैं।''

## उत्तराखंड में 23 आईएएस समेत 44 अधिकारियों के दायित्वों में किया गया फेरबदल

**देहरादून :** उत्तराखंड सरकार ने रविवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 23 आईएएस और 18 पीसीएस समेत कुल 44 अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव किया। यहां जारी एक आदेश के अनुसार, इस फेरबदल में पांच जिलों के जिलाधिकारी भी बदल दिए गए हैं। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना से उनकी वर्तमान जिम्मेदारी वापस लेते हुए उन्हें कृषि एवं उद्यान विभाग के महानिदेशक के साथ ही नियोजन विभाग के अपर सचिव पद का दायित्व दिया गया है। वंदना की जगह अब ललित मोहन रयाल नैनीताल के जिलाधिकारी होंगे। रयाल अब तक अन्य दायित्वों के साथ मुख्यमंत्री के अपर सचिव का दायित्व भी निभा रहे थे। अब तक शहरी विकास और सूचना प्रोद्यौगिकी विभाग में अपर सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे गौरव कुमार को चमोली का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। कुमार, डॉ संदीप तिवारी की जगह लेंगे जिन्हें हल्द्वानी में समाज कल्याण के निदेशक का नया दायित्व दिया गया है। आलोक कुमार पाण्डे से अल्मोड़ा के जिलाधिकारी पद की जिम्मेदारी वापस लेते हुए उन्हें सूचना प्रोद्यौगिकी विभाग में अपर सचिव तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया गया है।

## सोनिया शिमला पहुंचीं; सुक्खू ने वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण की तैयारियों का जायजा लिया

**शिमला :** कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी रविवार दोपहर शिमला पहुंचीं, जहां वह सोमवार को रिज स्थित दौलत सिंह पार्क में हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह में शामिल होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और लोक निर्माण मंत्री एवं वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिमला के अन्नाडेल मैदान में



सोनिया का स्वागत किया। एक बयान में कहा गया है कि इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री ने प्रतिमा अनावरण की तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। बयान के मुताबिक, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश पार्टी प्रभारी रजनी पाटिल और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह (वीरभद्र सिंह की पत्नी) के इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। वीरभद्र सिंह ने पहली बार आठ अप्रैल 1983 को मुख्यमंत्री पद संभाला था और लगभग 23 साल 300 दिन तक इस पद पर रहे।

### देहरादून में बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंदा, भाजयुमो नेता की मौत

**देहरादून :** देहरादून के पटेलनगर क्षेत्र में सेंट ज्यूड चौक के पास एक बेकाबू कार ने सड़क के किनारे खड़े लोगों को कथित तौर पर रौंद दिया जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि सेंट ज्यूड चौक से ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाले मार्ग पर शनिवार रात हुई इस घटना के बाद चालक क्षतिग्रस्त सफेद रंग की कार (निसान माइक्रा) को वहीं छोड़कर भाग गया। हालांकि, पुलिस ने दुर्घटना के समय कार चला रहे रुड़की निवासी अयान तथा दो अन्य को हिरासत में ले लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। कार की चपेट में आकर घायल हुए लोगों को स्थानीय लोगों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान चंद्रबनी क्षेत्र के निवासी जितेंद्र बिष्ट (30) की मृत्यु हो गयी। अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा है। बिष्ट, भारतीय जनता युवा मोर्चा के देहरादून महानगर के महामंत्री थे। वह डीएवी पीजी कॉलेज छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष थे। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में शामिल कार मुजम्मिल नाम के एक व्यक्ति की है जिसने उसके स्टीयरिंग में खराबी आने पर उसे सेंट ज्यूड चौक के पास स्थित वसीम की वर्कशॉप में ठीक कराने के लिए दिया था। पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए वर्कशॉप के मालिक वसीम और वहां काम करने वाले दो मैकेनिक (अयान और अब्बू) ने पूछताछ में बताया कि स्टीयरिंग की मरम्मत करने के बाद अयान कार को चेक करने के लिए वर्कशॉप से बाहर लेकर गया था।

## 'लापता लेडीज' ने फिल्मफेयर में 13 पुरस्कार अपने नाम किए

**नयी दिल्ली :** फिल्म निर्देशक किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' ने 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक समेत 13 पुरस्कार अपने नाम किए। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शनिवार को अहमदाबाद के ईकेए एरिना में आयोजित इस समारोह की मेजबानी अभिनेता शाहरुख खान, फिल्म निर्माता करण जौहर और अभिनेता मनीष पॉल ने की। फिल्मफेयर पुरस्कार हर वर्ष हिंदी सिनेमा में कलात्मक और तकनीकी उत्कृष्टता के सम्मान में दिए जाते हैं। 'लापता लेडीज' को इस वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला, जबकि किरण राव ने इसी फिल्म के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार हासिल किया। 2024 में रिलीज हुई इस फिल्म में प्रतिभा रांटा और नितांशी




गोयल ने दो दुल्हन की भूमिका निभाई थी। नितांशी गोयल को सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री और प्रतिभा रांटा को 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का क्रिटिक्स अवॉर्ड' दिया गया। रवि किशन और छाया कदम ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता/अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। अभिषेक बच्चन और कार्तिक आर्यन ने क्रमशः अपनी फिल्मों 'आई वांट टू टॉक' और 'चंदू चैंपियन' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार साझा किया। अलिया भट्ट को वासन बाला के निर्देशन में बनी फिल्म 'जिगरा' में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। इस फिल्म में वेदांग रैना भी प्रमुख भूमिका में थे। राजकुमार राव को फिल्म 'श्रीकांत' में दृष्टिबाधित उद्य-ोगपति श्रीकांत बिल्ला की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का क्रिटिक्स अवॉर्ड दिया गया। अभिनेता लक्ष्य को एक्शन थ्रिलर 'किल' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेता का पुरस्कार मिला। इस फिल्म ने अन्य चार तकनीकी पुरस्कार भी जीते जिनमें रफे मेहमूद को सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी, मयूर शर्मा को सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन, सीयंग ओह और परवेज शेख को सर्वश्रेष्ठ एक्शन, शिवकुमार वी. पनिकेर को सर्वश्रेष्ठ संपादन और सुभाष साहो को सर्वश्रेष्ठ साउंड डिजाइन का सम्मान दिया गया। शूजित सरकार को फिल्म 'आई वांट टू टॉक' के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्म का क्रिटिक्स अवॉर्ड मिला।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान के तहत महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बिलासपुर :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चलाए जा रहे स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 10 और 11 अक्टूबर को विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों एवं अस्पतालों में महिला स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 625 महिला लाभार्थियों की जांच की गई। जांचों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, रक्ताल्पता (एनीमिया), मोटापा, स्तन एवं गर्भाशय कैंसर की जांच शामिल रही। नए पाए गए उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया और स्तन रोग के मामलों को आवश्यक परामर्श देकर नियमित अनुवर्ती जांच एवं उपचार हेतु मार्गदर्शन दिया गया। इसी क्रम में केंद्रीय चिकित्सालय, बिलासपुर में महिला अधिकारियों और उनके महिला आश्रितों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 25 महिलाओं की जांच की गई। इसमें उच्च रक्तचाप के दो पुराने और एक नया मामला दर्ज हुआ। इसके अलावा अस्थि-क्षय (ओस्टियोपोरोसिस) के तीन तथा अस्थि-अपकर्ष (ओस्टियोपेनिया) के तीन नए मामले सामने आए। तीन महिलाएं मोटापा और ग्यारह महिलाएं अधिक वजन की स्थिति में पाई गईं। राहत की बात रही कि



एनीमिया और मधुमेह के कोई नए मामले सामने नहीं आए। सभी प्रतिभागी महिलाओं का स्त्रीरोग और स्तन परीक्षण भी किया गया। स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण को सुदृढ़ करना, रोगों की प्रारंभिक पहचान सुनिश्चित करना तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी इस अभियान की सफलता का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि अभियान को मिले उत्साहजनक प्रतिसाद को देखते हुए इसकी अवधि अक्टूबर से बढ़ाकर 18 अक्टूबर 2025 तक कर दी गई है।

